दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 । अंक : 305 | टोंक | सोमवार,22 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर 3 तीर्थयात्रियों की मौत

### गौरीकुंड के पास पहाड़ से पत्थर गिरने से हादसा, 8 लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर पत्थर गिरने से तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं। यात्री गौरीकुंड से 3 किलोमीटर दूर चिड़वासा में बने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम की तरफ जा रहे थे, जब वे सुबह करीब 7:30 बजे पत्थरों की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी रुद्रप्रयाग डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के नंदन सिंह रजवार ने दी है। रजवार ने बताया कि मरने वालों में महाराष्ट्र के नागपुर से किशोर अरुण परते, जालना के सुनील महादेव काले और रुद्रप्रयाग के अनुराग बिष्ट शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीमों ने हादसे के बाद मलबे से 8 लोगों का रेस्क्यू किया। ये सभी घायल थे, इन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## 147 साल में पहली बार! इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हासिल की बड़ी उपलब्धि, बनाया शानदार रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड टीम आखिरकार अपने 147 साल के इतिहास में पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रही है। नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच इंग्लैंड ने अपनी दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले इंग्लैंड कभी टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में 400 का आंकड़ा नहीं छू पाई है। गौरतलह हो कि मेजबान टीम ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दोनों पारियों में विशाल स्कोर बनाया। ओली पोप के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक और जो रूट के शतकों की बदौलत मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 425 रन का आंकड़ा छुआ। वेस्टइंडीज ने भी पहली पारी में 400 का आंकड़ा पार किया। टेस्ट क्रिकेट में यह पहली बार हुआ कि तीन पारियों में 400 से ज्यादा रन बने।

**पहली बार हुआ यह कारनाम**–वहीं, यह पहला मौका है जब इंग्लैंड ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड 1877 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। उनका पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। तब से अब तक इंग्लैंड ने 1073 टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन वे कभी भी टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन नहीं बना पाए थे।

## गोवा में कार्गो शिप में लगी आग काबू, 1 क्रू मेंबर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**पणजी( एजेंसी )।** गोवा के तट के पास मर्चेंट नेवी के शिप में 19 जुलाई को लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इंडियन कोस्ट गार्ड अधिकारी ने बताया कि जहाज पर 22 क्रू मेंबर्स थे, जिनमें से एक की मौत हो गई है। फिलहाल किसी की जिंदगी खतरे में नहीं है। 1,154 कंटेनर्स लेकर गुजरात के मुंद्रा से श्रीलंका के कोलंबो जा रहे रहे एमवी मेर्स्क फ्रैंकफर्ट शिप में गोवा के तट से 102 नॉटिकल मील दूर आग लग गई थी। इसमें बेंजीन और सोडियम सायनेट जैसे खतरनाक कार्गो रखे थे।

इंडियन कोस्ट गार्ड के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल मनोज भाटिया ने कहा कि शुक्रवार को हेलिकॉप्टर्स की मदद से ड्राई केमिकल पाउडर शिप पर डाला गया, जिसकी वजह से आग पर काबू पाने में मदद मिली। शिप के जिस हिस्से में खतरनाक कार्गो रखा था वहां आग नहीं लगी थी।

# नूंह में बृजमंडल यात्रा से पहले इंटरनेट बंद

## बल्क एसएमएस पर भी रोक, पैरामिलिट्री तैनात

### ड्रोन से निगरानी; पिछले साल दंगा हुआ था

बढ़ता राजस्थान

**नूंह (एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह में रविवार को बृजमंडल यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पिछले साल जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें 7 लोगों की मौत हुई और 150 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी गई थी। इस बार हिंसा न हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं।

यहां 21 जुलाई रविवार शाम 6 बजे से आज 22 जुलाई सोमवार शाम 6 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। एक साथ बहुत सारे यानी बल्क एसएमएस भेजने पर भी रोक लगाई गई है। डोंगल इंटरनेट भी नहीं चलेगा।

सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स और कमांडोज तैनात किए गए हैं। ड्रोन के जरिए पूरे नूंह और अरावली की पहाड़ियों की निगरानी की जा रही है। हरियाणा पुलिस लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। यहां जमीन से आसमान तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

#### जिला मजिस्ट्रेट बोले- इंटरनेट का मिसयूज हो सकता है

नूंह में इंटरनेट बंद करने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गट ने कहा- इंटरनेट सेवाओं का मिसयूज कर भड़काऊ सामग्री, झूठी अफवाहों का प्रसार किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप जिले में सार्वजनिक संपत्तियों व सुविधाओं को नुकसान और कानून एवं शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

मोबाइल इंटरनेट से वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर आदि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से गलत सूचना व अफवाह फैलाई जा सकती हैं। भीड़ को इकट्ठा कर आगजनी, बर्बरता या किसी प्रकार की हिंसा हो सकती है। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। ऐसा न हो, इसके लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सुविधा व लोगों की बुनियादी घरेलू जरूरतों को समझते हुए पर्सनल एसएमएस, मोबाइल रिचार्ज, बैंकिंग एसएमएस, वॉयस कॉल, कॉर्पोरेट और घरेलू ब्रॉडबैंड और लीजलाइनों द्वारा मिलने वाली इंटरनेट सेवाओं को छूट दी गई है।

#### अरावली की पहाड़ियों पर भी नजर, बाहरी गाड़ियों की वीडियोग्राफी

नूंह में पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती की गई है। घुड़सवार दस्ते भी ड्यूटी पर मुस्तैद किए गए हैं। अरावली की पहाड़ियों पर भी कमांडोज तैनात किए गए हैं। पुलिस यहां फ्लैग मार्च और सर्च ऑपरेशन चला रही है। नूंह पुलिस नूंह शहर के अलावा नल्हरेश्वर मंदिर, अरावली पर्वत, बड़कली चौक, झिरकेश्वर मंदिर सहित श्रृंगेश्वर मंदिर (सिंगार) व यात्रा समापन स्थलों तक की निगरानी कर रही है। बृजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा नूंह में बाहरी राज्यों व जिलों से शामिल होने के लिए आने वाले लोगों की गाड़ियों की वीडियोग्राफी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि उनको पूरी तरह से चैक किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की कोई विस्फोटक सामग्री, हथियार आदि यात्रा तक न पहुंच सके।

#### नूंह एसपी बोले- 2 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

नूंह एसपी विजय प्रताप ने कहा कि यात्रा को सफल बनाने के लिए करीब 2 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसमें आरएएफ की 3 कंपनियां भी शामिल हैं, जो रेंज से मिली हैं। इसके अलावा पूरे यात्रा मार्ग समेत आसपास के इलाके की ड्रोन से वीडियोग्राफी करवाई गई है। पूरे दलबल के साथ शाम को फ्लैग मार्च भी निकाला गया।

एसपी ने बताया कि शहर में कुल 23 जगहों पर नाके लगाए गए हैं। इन सभी नाकों पर सख्ती से चेकिंग और वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति कोई हथियार या लाठी-डंडा लेकर न आए।

बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा के चलते नूंह शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। एसपी ने बताया है कि सुबह 7 बजे के बाद जो भी भारी वाहन दिल्ली की ओर से शहर की ओर आएगा, उसे चरखी के माध्यम से एक्सप्रेस-वे पर भेजा जाएगा। वहीं, अलवर की तरफ आने वाले भारी वाहन को अंबेडकर चौक और बड़कली चौक से डायवर्ट किया जाएगा।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

### 44 पार्टियां शामिल हुईं, कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद मांगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र और बजट से पहले पार्लियामेंट हाउस में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। कई केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल हुए। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस, आप, एआईएमआईएम, वाईएसआरसीपी व अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस ने लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। साथ ही कहा- नीट मामले में लोकसभा में चर्चा हो। सपा नेता रामगोपाल यादव ने यूपी कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया- बैठक में जेडीयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश को भी विशेष दर्जा देने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी नहीं आई। पार्टी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू को चिट्ठी लिखकर बताया कि उनकी पार्टी का कोलकाता में कार्यक्रम है, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे।

#### संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बोले- हमने उपयोगी चर्चा की

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमने बहुत उपयोगी चर्चा की। मैं सभी पार्टियों के फ्लोर लीडर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए। हमने संसद के सभी सदनों के नेताओं से सुचारु रूप से सुझाव लिए हैं, यह सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। साथ ही अपील की है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार निर्धारित नियमों का पालन करते हुए संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सर्वदलीय बैठक मानसून सत्र के दौरान संसद अच्छे से चलाने के लिए बुलाई जाती है। विपक्ष और सरकार के बीच कुछ मुद्दों को लेकर हमेशा टकराव की स्थिति बनी रहती है, इसलिए संसद में हंगामा होता है और सत्र ठीक से नहीं चल पाता।



#### संसद की कार्यवाही पर हर मिनट का खर्च करीब 2.5 लाख रुपए

संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर करीब ढाई लाख रुपए खर्च होते हैं। यानी हर घंटे के हिसाब से यह रकम 1 .5 करोड़ रुपए होती है। यह खर्चा सांसदों को मिलने वाली सैलरी, अलाउंस, संसद सचिवालय पर होने वाले खर्च, सचिवालय स्टाफ की सैलरी और सांसदों की सुविधाओं पर खर्च होता है। यानी जब-जब हंगामे के कारण संसद स्थगित होती है तो यह नुकसान आम जनता का होता है, क्योंकि वह टैक्स के रूप में लाखों रुपए देती है।

#### इन मुद्दों पर हंगामा होना तय

1. **नीट-यूजी पेपर लीक :** नीट-यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई अब तक 12 गिरफ्तारियां कर चुकी है। 7 राज्यों की पुलिस ने 45 आरोपियों को अरेस्ट किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनटीए स्टेट, सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट डिक्लेयर कर चुकी है। लेकिन विपक्ष, पिछले सत्र की तरह इस बार भी इस मुद्दे पर हंगामा कर सकता है।
2. **अग्निवीर (बेरोजगारी) :** मुंबई में एक इवेंट में पीएम मोदी ने कहा था- पिछले 4 साल में 8 करोड़ को रोजगार मिला है। इस डेटा पर विपक्ष सरकार को घेर सकता है। उधर, सरकार के सहयोगी दल जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने भी अग्निवीर पर बदलाव की मांग की है।
3. **जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमला :** 2021 के बाद से अकेले जम्मू में 22 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इन 3 साल में 47 जवान शहीद हुए और 23 नागरिकों की मौत हुई। सरकार बनने के बाद से जून और जुलाई में जम्मू कश्मीर के राजौरी, डोडा, रियासी और कठुआ में 7 आतंकी हमले हो चुके हैं।
4. **मणिपुर हिंसा :** राहुल गांधी पिछले सत्र के खत्म होने के बाद मणिपुर दौरे पर गए थे। राहुल लगातार मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री पर निशाना साध रहे हैं। वहां हिंसा की घटनाएं फिर बढ़ गई हैं। पीएम का मणिपुर न जाना और हिंसा रोकने के लिए कदम न उठाना विपक्ष के पास हंगामे का ट्रंप कार्ड होगा।

## मंत्री किरोड़ी के काफिले की 3 गाड़ियां आपस में टकराई

### डंपर को बचाने में हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** कैबिनेट मंत्री व सवाई माधोपुर विधायक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार दोपहर को मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा हाईवे पर भाडौती पुलिस चौकी के सामने यह हादसा हुआ। किरोड़ी लाल मीणा का काफिला सवाई माधोपुर से लालसोट की तरफ जा रहा था। काफिले की कार डंपर को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर को बचाने में आगे चल रहे कार ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिया। जिसके चलते एक साथ तीन कार आपस में भिड़ गई। हादसे के वक्त मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की कार सबसे आगे चल रही थी। उनके पीछे काफिले में चल रही कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। हालांकि दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई। मगर तीन लग्जरी कार क्षतिग्रस्त हो गई।

किरोड़ी रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सवाई माधोपुर पहुंचे थे। सवाई माधोपुर से कार्यक्रम में शिरकत कर लालसोट की तरफ जा रहे थे। भाड़ौती कस्बे में होकर मंत्री मीणा का एक दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला गुजर रहा था। तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर को बचाने के चक्कर में उनके काफिले में एक कार ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे काफिले में पीछे चल रही एक साथ तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई। हालांकि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा दुर्घटना के दौरान आगे निकल चुके थे।

# केरल में 14 साल के लड़के की निपाह-वायरस से मौत

## रिश्तेदारों को निगरानी में रखा गया; 2018 के बाद राज्य में 5वीं बार फैला संक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से पीड़ित 14 साल के लड़के की रविवार को मौत हो गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि पीड़ित लड़के को सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया, लेकिन सुबह 11.30 बजे उसकी मौत हो गई।

वीना ने बताया कि संक्रमित लड़के को ऑस्ट्रेलिया से मिली मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दी गई थी। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित होने के 5 दिन के अंदर इसे दिया जाता है। इस मामले में संक्रमित लड़के को एंटीबॉडी देने में देर हो गई थी।

वीना ने यह भी कहा कि लड़के का अंतिम संस्कार इंटरनेशनल प्रोटोकॉल के मुताबिक किया जाएगा। इसके लिए लड़के के परिवार और माता-पिता से बात की जा रही है। वहीं, उसके संपर्क में आए 3 रिश्तेदारों को निगरानी में रखा गया है।

2018 के बाद से 5वीं बार केरल में निपाह का संक्रमण फैला है। इसके बाद 2019, 2021 और 2023 में भी इसके केस मिले थे। इसके लिए अभी तक कोई टीका नहीं बना है।

निपाह संक्रमित चमगादड़ों, सूअरों या लोगों के शरीर से निकले लिक्विड के संपर्क में आने से फैलता है। निपाह से संक्रमित लोगों में से 75% मामलों में संक्रमित व्यक्ति की मौत हो जाती है।




#### 3 रिश्तेदार अब भी निगरानी में

राज्य मंत्री के मुताबिक जिस लड़के की मौत हुई है, उसके पिता और चाचा समेत तीन करीबी रिश्तेदार कोझिकोड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की निगरानी में हैं। जबकि बाकी चार परिचितों को मलप्पुरम के मंजेरी मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। इनमें से एक आईसीयू में है।

#### 10 दिन पहले बुखार आने पर इलाज कराने गया था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह लड़का 10 जुलाई को स्कूल से लौटा तो उसे बुखार और थकान की शिकायत हुई। उसे पहले 12 जुलाई को पांडिक्कड़ के एक प्राइवेट क्लिनिक में, 13 जुलाई को एक दूसरे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया था। हालत में सुधार होने पर उसे 15 जुलाई को वहां भर्ती करा दिया गया।

इंसेफेलाइटिस के लक्षण दिखने के बाद उसी दिन पास के पेरिंथलमन्ना के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे 20 जुलाई को कोझिकोड और फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया।

## सुरसुरा धाम के लिए आज रवाना होगी पदयात्रा

### पदयात्रा समिति की जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** श्री वीर तेजाजी जिला स्तरीय 12वीं पदयात्रा समिति की बैठक कृषि मंडी परिसर में जिलाध्यक्ष मुकेश खादवाल की अध्यक्षता में हुई । मुकेश खादवाल ने बताया कि बैठक में निर्णय किया गया कि सुरसुरा धाम के लिए 12वीं पैदल यात्रा सोमवार सुबह 8 बजे कृषि मंडी से सुरसुरा धाम के लिए रवाना होगी।

खादवाल ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी को संरक्षक, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, कांग्रेस उपाध्यक्ष सत्यनारायण जाट पराना, रामकरण चौधरी बहड, जिला उपाध्यक्ष, केदार जाट अरनिया केदार, सीताराम जाट, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी पराना, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बम्बोर, जिला महामंत्री प्रेम धारोला, रामवतार डारडा, सियाराम डोडवाडी जिला मंत्री घनश्याम शेरगढ़, नवदीप बगड़ी, प्रचार मंत्री सीताराम साखना, रामवतार बरौनी, नरेंद्र मोडयाली, उम्मेद, कार्यालय मंत्री रामवतार फौजी, छीतर लोहरवाडा को बनाया गया है। इसी तरह सत्यनारायण सोरन, दयाराम जाट, बजरंग नानेर, छोटू डारडा, कैलाश गोरा, चरण सिंह, हेमराज़, शिवजीराम ताखर, रामसहाय महादेवाली, रामदयाल अमीन, हेमराज डुसरी, हीरालाल डुसरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री बैरवा की पुण्यतिथि आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं जिले के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की 15वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाई जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार सोमवार सुबह 9 बजे टोंक बस स्टैंड के बाहर स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद दिनभर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

## सम्पादकीय

### तकनीकी गड़बड़ी से अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा नहीं देने पर उठ रहे सवाल

तकनीकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ते जाने से व्यवसाय-वाणिज्य, निजी और दफ्तरी कामकाज में तेजी तो आई है, मगर इसमें एक खराबी किस कदर दुनिया की सारी रफ्तार रोक देती है, इसका ताजा उदाहरण माइक्रोसाफ्ट के नए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी है। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी आने से दुनिया भर के दफ्तरों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया, रफ्तार थम गई। विभिन्न देशों में चौदह सौ से ऊपर हवाई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं और हजारों हवाई जहाज देरी से उड़ पाए। टेलीविजन प्रसारण, बैंक सेवाओं, शेयर बाजार के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। हालांकि माइक्रोसाफ्ट के इंजीनियर इस गड़बड़ी को सुधारने में जुट गए, मगर इतने भर से दुनिया भर में अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित हो गया। दरअसल, माइक्रोसाफ्ट ने एक नया साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा देने का दावा किया गया था। यह साफ्टवेयर क्लाउड सेवा से जुड़ा हुआ है। उसमें क्राउड स्ट्राइक नामक साइबर सेंधमारी से सुरक्षा प्रदान करने वाले 'एंटीवायरस' को अद्यतन किया गया, तभी से गड़बड़ी शुरू हो गई। कंप्यूटर अपने आप बंद और चालू होने लगे। इससे माइक्रोसाफ्ट कंपनी की साख पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

हालांकि कुछ महीने पहले एलन मस्क ने भी माइक्रोसाफ्ट के 'एज' नामक नए साफ्टवेयर की व्यावहारिकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह साफ्टवेयर अव्यावहारिक है, जो कई कंप्यूटरों से एक साथ जुड़ जाता है और इस तरह इसकी सुरक्षा विश्वसनीय नहीं रह जाती। मगर तब माइक्रोसाफ्ट की तरफ से जवाब में कहा गया था कि यह साफ्टवेयर उपभोक्ता को कहीं भी बैठ कर आसानी से काम करने की सुविधा देता है। इसमें सेंधमारी का खतरा नहीं रहता। अब फिर से इस साफ्टवेयर की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई है। फिलहाल यह दावा करना मुश्किल है कि किसी साइबर अपराधी ने ऐसी गड़बड़ी पैदा की, पर ऐसी हरकत से इनकार नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती गई है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ते गए हैं।

साइबर सेंधमार लोगों के बैंक खातों, दफ्तरों के दस्तावेजों, कंपनियों के लेखा-जोखा वगैरह में सेंधमारी करने लगे हैं। हर इलेक्ट्रानिक उपकरण निर्माता कंपनी साइबर सेंधमारी रोकने के लिए वायरसरोधी उपाय करती है। जो कंपनी इसमें पिछड़ जाती है, वह बाजार में भी पिछड़ जाती है। माइक्रोसाफ्ट ने भी इसी समस्या से बचाने के लिए नई तकनीक ईजाद करने का दावा किया था। हर नई तकनीक में प्रायोगिक स्तर पर कुछ न कुछ अड़चन आती है। मगर जब कोई भरोसेमंद कंपनी अपने किसी उत्पाद को बड़े पैमाने पर बाजार में उतारती है, तो पहले यह सुनिश्चित कर लेती है कि वह पूरी तरह कारगर है। न जाने कैसे माइक्रोसाफ्ट से यह चूक हो गई कि इस साफ्टवेयर को लेकर आ रही शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए इसे बाजार में चलाए रखा। माइक्रोसाफ्ट एज नामक तकनीक उपयोगी और सुविधाजनक हो सकती है।

# भाजपा व आरएसएस में वाजपेयी जी के जमाने वाला समन्वय अब भी जरुरी

**राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का पहले यह बयान देखें - मनुष्य है, लेकिन मानवता नहीं है, इंसानियत नहीं है, वो मनुष्य बन जाए पहले। वहां जाने के बाद लगता है कि वो सुपरमैन, अतिमानव, अलौकिक बनना चाहता है। वह रुकता नहीं। उसको लगता है देव बनना चाहिए। वो देवता बनना चाहता है। लेकिन देवता कहते हैं कि हमसे तो भगवान बड़ा है। और भगवान कहता है मैं तो विश्वरूप हूं।**

अशोक भाटिया।

रविवार को गुरु पूर्णिमा का दिन था। जगह-जगह संघ में उनके गुरु (संघ का भगवा ध्वज ) की पूजा हुई। ऐसे में भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी वाले दिन याद आ गए जब वे संघ से समन्वय बना कर चलते थे पर हाल के दिनों में संघ के कुछ नेताओं के व्यक्तव्यों के बाद 20 24 के लोकसभा में ऐसा लगा कि वो समन्वय दूर हो गया है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि वाजपेयी के समय में पार्टी को खुद को चलाने के लिए आरएसएस की जरूरत थी क्योंकि उस समय भाजपा कम सक्षम और छोटी पार्टी हुआ करती थी। उन्होंने कहा था कि शुरू में हम अक्षम होंगे, थोड़ा कम होंगे, आरएसएस की जरूरत थी। आज हम बढ़ गए हैं। पहले से अधिक सक्षम हैं। भाजपा अब अपने आप को चलाती है। 2024 के चुनाव भाजपा पहले से कमजोर पड़ गई तबसे भाजपा विरोधी दलों निशाने पर है। पार्टी सत्ता में है तो लाज़मी है, विपक्ष कोई कसर छोड़ना नहीं चाहेगा। वो भी तब जब चुनाव में पूर्ण बहुमत ना मिला हो। लेकिन क्या यही वजह है कि भाजपा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निशाने पर भी है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिससे पार्टी का अस्तित्व जुड़ा रहा है। और उससे पहले सवाल ये उठता है कि क्या वाकई भाजपा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निशाने पर है?

इस पूरे बयान में ना तो भाजपा का जिक्र है ना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। लेकिन कांग्रेस समेत भाजपा के विरोधियों का कहना है कि मोहन भागवन का ये बयान प्रधानमंत्री के उस बयान पर तंज है जिसमें उन्होंने कहा कि वो नॉन-बायोलॉजिकल हैं।जब तक मां जिंदा थी, मुझे लगता था कि शायद बायोलॉजिकली मुझे जन्म दिया गया है। लेकिन मां के जाने के बाद मैं सारे अनुभवों को जोड़कर देखता हूं। तो मैं कन्विंस हो चुका हूं कि परमात्मा ने मुझे भेजा है। ये ऊर्जा बायोलॉजिक शरीर से नहीं मिल सकती। ईश्वर को मुझसे कुछ काम लेना है, इसलिए मुझे विधा भी दी है, इसलिए मुझे सामर्थ्य भी दिया है। प्रेरणा भी वही दे रहा है, पुरुषार्थ करने का सामर्थ्य भी वही दे रहा है। इन दोनों बयानों का आपस में कोई मेल नहीं दिखता। पर भाजपा के विरोधियों के लिए इतना भर काफी था। मोहन भागवत का ये पहला बयान नहीं था जिसे नरेंद्र मोदी या भाजपा की आलोचना के तौर पर देखा गया हो। और सिर्फ मोहन भागवत ही नहीं हैं जिन्होंने ऐसे बयान दिए। संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने भी पार्टी पर अहंकारी होने का आरोप लगा चुके हैं। हालांकि बाद में उन्होंने अपने बयान को संशोधित किया। संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइज़र ने भी भाजपा के फैसलों पर सवाल उठा दिए। मसलन, 9 जून को नई सरकार का गठन होता है और 10 जून, 2024 नागपुर में सरसंघचालक सरकार को मणिपुर के साथ-साथ मर्यादा का भी पाठ पढ़ा देते हैं। उनके बयान के अलग-अलग हिस्सों को देखते हैं। 'जो मर्यादा का पालन करते हुए काम करता है, गर्व करता है, लेकिन अहंकार नहीं करता, वही सही अर्थों में सेवक कहलाने का अधिकारी है।' 'मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा है। बीते 10 साल से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक से वहां कलह होने लगी या कलह करवाई गयी, उसकी आग में मणिपुर अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है, उस पर कौन ध्यान देगा? जरूरी है कि इस समस्या को प्राथमिकता से सुलझाया जाए।' ये बयान सरकार के गठन के अगले ही दिन आ गया था। और तीन दिन बीते कि इंद्रेश कुमार ने तो अहंकारी तक कह दिया। 13 जून को जयपुर में इंद्रेश कुमार ने कहा- 'लोकतंत्र में रामराज्य का विधान देखिए, जिन्होंने राम की भक्ति की लेकिन अहंकारी हो गए, उन्हें 241 पर रोक दिया। सबसे बड़ी पार्टी बना दिया, लेकिन जो वोट और ताकत मिलनी चाहिए थी, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी।'हालांकि, इस बयान पर सरकार की ज्यादा ही फजीहत होने लगी तो इंद्रेश कुमार को क्रोस करेक्शन करना पड़ गया। कुछ ही घंटों में उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ भी कर दी। और कह दिया कि जिन्होंने राम का विरोध किया है, सत्ता से बाहर वही गए हैं।मगर, तीर कमान से छूटने के बाद वापस नहीं लौटता। नेता सफाई कितनी भी दे लें। तो सवाल घूमफिर कर वहीं लौटता है कि क्या वाकई भाजपा और नरेंद्र मोदी संघ के निशाने पर हैं। समस्या मनोवैज्ञानिक है। संघ और भाजपा के बीच इससे बड़े-बड़े विवाद हो चुके हैं। मौजूदा हालात में ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि कोई खटपट वाली परिस्थिति बनी हो। हां, इतना जरूर है कि दोनों के बीच बातचीत व समन्वय में कुछ कमी आ गई है। दरअसल, राय जिस बात की ओर इशारा कर रहे हैं मसला वहीं अटका है। कहा जा रहा है कि संघ और भाजपा के बीच कम्यूनिकेशन गैप हो गया है। और संघ इस बात की उम्मीद कर रहा है कि अगर कोई गतिरोध जैसी परिस्थिति बन भी गई है तो भाजपा उसे तोड़े। संघ की तरफ से भले ही पार्टी के कामकाज को लेकर कोई आदेश ना दिया जाता रहा हो, लेकिन ऐसी परंपरा जरूर रही है कि पार्टी अपने फैसलों में संघ का मशविरा जरूर शामिल करती रही है। वाजपेयी जी के ज़माने में संघ व भाजपा का समन्वय सर्वविदित है। हर मसले पर एक दूसरे की राय ली जाती थी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व लगातार तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा को पहली बार गठबंधन की बैसाखी की जरूरत पड़ी। कहा यह भी जाने लगा कि संघ को किनारे करने का नतीजा चुनाव में भुगतना पड़ा। सत्ता पर पार्टी की पकड़ कमजोर हुई तो विरोध के वो सुर भी सुनाई देने लगे जो पिछले एक दशक से शून्य पड़े थे। भाजपा के शासन में आने के बाद पहली बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। NEET और NET परीक्षा विवाद के बीच कई राज्यों में ABVP ने NTA के खिलाफ प्रदर्शन किया।इतना ही नहीं संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइज़र में RSS विचारक रतन शारदा ने एक लेख लिखा जिसमें महाराष्ट्र में अजित पवार की पार्टी से गठबंधन करने को लेकर आलोचना की गई। उन्होंने लिखा कि NCP से गठबंधन रणनीतिक भूल थी और वही महाराष्ट्र में पार्टी की हार की वजह बनी। 10 जून को मोहन भागवत ने अपने बयान में आम सहमति की परंपरा भी याद दिलाई थी। रतन शारदा के लेख में भी इशारा उसी ओर किया गया है। इंडिया टुडे मैग्जीन के 17 जुलाई के अंक में अनिलेश महाजन ने BJP और RSS के संबंधों पर लेख लिखा है। जिसमें उन्होंने दोनों के बीच टकराव जिन बातों को लेकर हुआ, उन्हें रेखांकित किया है। और इनमें एक अहम बिंदु भाजपा में दल बदलुओं के प्रवेश को लेकर भी है। RSS, उनसे नफरत करने वालों और दागी अतीत वालों को पार्टी में शामिल करने के पक्ष में नहीं है। जबकि भाजपा का कहना है कि किसे शामिल करना है किसे नहीं, इसको लेकर पार्टी सचेत और सतर्क है और विचारधारा को लेकर प्रतिबद्ध है।लेकिन इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि अजित पवार से साथ गठजोड़ ने भाजपा की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को ठेस पहुंचाया है। पवार को सालों तक देवेंद्र फडणवीस भ्रष्टाचारी बताते रहे। रैलियों में कहते रहे कि अजित पवार जेल जाएंगे। लेकिन आज महाराष्ट्र में फडणवीस अजित पवार के साथ सरकार में डिप्टी सीएम हैं। दूसरी तरफ भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक 30 राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। जिनमें से 9 दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए हैं। यानी लगभग एक तिहाई प्रवक्ता वो हैं जो कल तक विरोधी दलों के बैनर तले टीवी पर बैठकर भाजपा और संघ को पानी पी-पीकर कोसते थे। अनिलेश महाजन के लेख के मुताबिक एक और बात जिसको लेकर टकराव की स्थिति बनती है वो है अहम पदों पर नियुक्तियां। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और दूसरे अहम ओहदों पर अधिकारियों की नियुक्ति करते वक्त अधिक सलाह-मशविरे की दरकार है। लेकिन भाजपा का इस मसले पर कोई घोषित रुख नहीं है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। आज आपको पानी, अग्नि और दुर्घटना से संभलकर रहना होगा। काम का बोझ अधिक रहेगा। विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा।

**वृष**

काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। दूर के स्थानों पर रहने वाले रिश्तेदारों से अच्छी बातचीत होगी। आपका दिन अच्छा गुजरेगा। ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा।

**मिथुन**

ननिहाल पक्ष से चिंताजनक समाचार आएंगे। उच्च अधिकारियों के साथ संघर्ष टालना उचित होगा। आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। व्यर्थ में धन खर्च हो सकता है।

**कर्क**

भागीदारी लाभदायक साबित होगी। किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। साथियों का सहयोग कम मिलेगा। सभी कार्य सरलता से पूरे होंगे।

**सिंह**

परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। बिजनेस में आप पैसे के साथ मान-सम्मान भी प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**

माता और स्त्री वर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। पारिवारिक संपत्ति बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है। यात्रा या प्रवास होने की संभावना है।

**तुला**

आध्यात्मिक तथा गूढ़ विद्या के प्रति रुचि होगी। परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। दोस्तों और सगे-संबंधियों से भेंट-उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा।

**वृश्चिक**

पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है। शेयर-सट्टे से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी।

**धनु**

कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे- संबंधियों का घर पर आगमन होने से आनंद होगा।

**मकर**

व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी या तीर्थ यात्रा होगी। आध्यात्मिकता में प्रगति कर सकेंगे। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है।

**कुंभ**

बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक रूप से आपके मन में हताशा छायी रहेगी।

**मीन**

संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभव, मौज-शौक की वस्तुएं, वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्य जीवन का साथ मिलेगा। आज नौकरी-धंधे में लाभ हो सकता है।

## शख्सियत

**हम क्या हैं ये सही मायने में समाज ही तय करता है, हमारी पहचान तो महज तिलिस्मी है मील का पथ्थर तो हमारे कर्म साबित होते हैं जो हमारी पहचान बनाते हैं**

शिवेन्द्र कुमार शर्मा
( जेल अधीक्षक, अलवर )

अजमेर जिले में 9 सितंबर 1982 को जन्मे शिवेंद्र कुमार शर्मा जोकि हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। शिवेन्द्र बहुत ऊर्जावान अधिकारी हैं जो आजकल अलवर केंद्रीय कारागार में अधीक्षक जेल पद को सुशोभित कर रहे हैं। इन्होने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से एम.फिल. (इतिहास) में शिक्षा प्राप्त की है तथा Union Grant Commission से NET & JRF (History) उत्तीर्ण है।

फरवरी 2024 से केन्द्रीय कारागृह अलवर पर अधीक्षक पद पर कार्यरत है। इन्होने अपने केरियर की शुरूआत वर्ष 2015 में उपाधीक्षक जेल से की। वर्ष 2018 में पहला पदस्थापन जिला कारागृह राजसमंद कारागृह पर हुआ तथा मार्च 2019 से प्रतापगढ जिला कारागृह पर हुआ। जहां इन्होने बंदियो में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक वातावरण के लिये कई नवाचार किये। वर्ष 2018 में बंदियो का डाटा ऑनलाईन किये जाने के संबंध में कारागार में तकनीकी का प्रयोग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में इनको पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कारागार विभाग में प्रहरी भर्ती 2018 के बैच नं-168 व 169 को 15 दिवस इण्डोर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) द्वारा इनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2020 में इनका पदस्थापन अधीक्षक जिला कारागृह जयपुर पर किया गया। जिला कारागृह जयपुर पर अधीक्षक पद पर रहते हुये इनके द्वारा कारागार विभाग से संबंधित लगभग 800 बंदी रिट याचिकाओं में ह्.ढ्.ष्ट के रूप में कार्य किया। कारागार विभाग में प्रहरी से कारापाल संवर्ग तक वार्षिक फायरिंग अभ्यास हेतु इनको विभाग द्वारा पर्यवेक्षण अधिकारी मनोनीत किया गया था। कारागार विभाग में इनके द्वारा आवंटित सभी कार्यों के पूर्ण निष्ठा से सम्पादित करने के लिये 30 जून 2021 को राजीव दासोत महानिदेशक, कारागार के सेवानिवृति समारोह में इनको प्रशंसा पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। जुलाई 2021 में मोनिका अग्रवाल, उप महानिरीक्षक रेन्ज, जयपुर द्वारा जिला कारागृह जयपुर के साथ ही महिला बंदी सुधारगृह जयपुर पर कुशल प्रबन्धन कार्य के लिये प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कारागार विभाग में इनको 7th National Confrance of head of prisons of all States, Two Webniars on issues releted of the prisons (BPR&D) प्रशिक्षण कार्यक्रमों मनोनीत किया गया तथा वर्ष 2021 में मुख्यप्रहरी पदौन्नति बोर्ड, वर्ष 2021-22 में कनिष्ठ सहायक स्थाईकरण बोर्ड, वर्ष 2022-23 में मुख्यप्रहरी से उपकारापाल पदोन्नति बोर्ड तथा प्रहरी भर्ती 2018 में चयनित MBC अभ्यर्थियों के चयन बोर्ड में सदस्य सचिव के रूप में मनोनीत रहे है।वर्तमान में अलवर कारागृह में शिवेन्द्र शर्मा द्वारा अधीक्षक पद पर रहते हुये इनके द्वारा कारागृह में बंदी सुधार एवं प्रबन्धन के तहत अलवर जेल में संचालित इग्नू विशेष अध्ययन केन्द्र में सत्र जून 2024 में स्नातकोत्तर उपाधी (M.A.) में 03 बंदी, स्नातक उपाधी कार्यक्रम (B.A.) में 17 बंदी तथा सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में 90 बंदियो को प्रवेशित कराने के लिये प्रवेश आवेदन भिजवाये गये है। इग्नू विशेष अध्ययन केन्द्र के द्वारा बंदियो को Master of art(M.A.), Bechlor dgree programme (BAG) and CHR-CDM-CTS-CAFÉ-DAFE-CFN-DUL-CIG-CNCC आदि कोर्स करवाये जा रहे है। व्यावसायिक शिक्षा के तहत अब तक कारपेन्टर ट्रेड में एक वर्षिय प्रशिक्षण में 122 बंदियो को प्रशिक्षित एवं प्रवेशित करवाया गया है तथा कौशल एवं साजीविका विकास के तहत इलेक्ट्रोनिक्स, हाउस वायरिंग, बागवानी, योगा, कुक आदि में 310 बंदियो को प्रशिक्षत करवाये गये है। महिला बंदियो को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाये जाने का कार्य किया जा रहा है। इनके द्वारा बंदी सुधार एवं जेल प्रबन्धन में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## विशेष आलेख

# मनोज सोनी का इस्तीफा, यूपीएससी पर उठते सवाल

रामस्वरूप रावतसरे

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने कार्यकाल खत्म होने से करीब पांच साल पहले ही इस्तीफा दे दिया है। मनोज सोनी का कार्यकाल 2029 में खत्म होना था। उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। मनोज सोनी 2017 में संघ लोक सेवा आयोग में सदस्य के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने 16 मई 2023 को अध्यक्ष पद की शपथ ली थी। मनोज सोनी ने लगभग एक महीने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा या नही। सूत्र ने यह भी स्पष्ट किया कि इस इस्तीफे का यूपीएससी उम्मीदवारों द्वारा नौकरी पाने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र पेश करने से जुड़े विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि मनोज सोनी ने अपना इस्तीफा भारत के राष्ट्रपति को सौंप दिया है। लेकिन सरकार की ओर से अभी तक नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो मनोज सोनी अब अपना अधिक समय गुजरात में स्वामीनारायण संप्रदाय की एक शाखा अनुपम मिशन को देना चाहते हैं। वे साल 2020 में दीक्षा प्राप्त करने के बाद अनुपम मिशन में एक भिक्षु या निष्काम कर्मयोगी बन गए थे। मनोज सोनी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी माना जाता है। साल 2005 में नरेंद्र मोदी ने उन्हें महज़ 40 साल की उम्र में वडोदरा के प्रसिद्ध एमएस विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया था। तब वो देश के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

जून 2017 में यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले मनोज सोनी अपने गृह राज्य गुजरात में दो विश्वविद्यालयों में तीन बार कुलपति के रूप में काम कर चुके थे। सोनी ने 2015 तक दो बार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में काम किया था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मनोज सोनी को यूपीएससी का अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इस नियुक्ति को भारतीय संविधान पर चोट बताया था। उन्होंने सोनी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी बताते हुए कहा था कि सोनी के अध्यक्ष बनने का मतलब है कि यूपीएससी, संघ लोक सेवा आयोग की जगह संघ प्रचारक आयोग बन जाएगा। जानकार लोगों का कहना है कि मनोज सोनी के इस्तीफा का ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। गौरतलब है कि प्रशिक्षु (ट्रेनी) आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर बीते कई दिनों से विवादों में हैं। उन पर दस्तावेजों में कथित रूप से फर्जीवाड़ा करने और यूपीएससी के साथ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। उन्हें उनकी उम्मीदवारी रद्द करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कई अन्य उम्मीदवारों के मामले भी सामने आने लगे। जिन्होंने कथित तौर पर अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), और बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (जिनकी विकलांगता 40 फीसदी से अधिक हो) के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए। ये मामले यूपीएससी की परीक्षा और चयन प्रक्रियाओं की शुचिता पर सवाल उठाते हैं। ज्ञात हो कि संघ लोक सेवा आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 315-323 भाग 12 के तहत एक संवैधानिक निकाय है। आयोग केंद्र सरकार की ओर से कई परीक्षाएं आयोजित करता है। यह हर साल सिविल सेवा परीक्षाएं भी आयोजित करता है और आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और केंद्रीय सेवाओं - ग्रुप ए और ग्रुप बी में नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश करता है। इस आयोग का एक अध्यक्ष होता है और इसमें अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं. फिलहाल, शुक्रवार (19 जुलाई) को अध्यक्ष के अलावा इसमें सात और सदस्य थे, जिनमें गुजरात लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष दिनेश दासा, गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी बीबी स्वैन, पूर्व आईपीएस अधिकारी शील वर्धन सिंह, पूर्व राजनयिक संजय वर्मा और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन के नाम शामिल हैं। मनोज सोनी ने पूजा खेडकर के प्रकरण में इस्तीफा नहीं दिया है। लेकिन पूजा खेड़कर के चयन को लेकर जो आम जनमानस में संषय खड़ा हो गया है। उसमें यूपीएससी पर भी संदेह होने लगा है कि इसमें भी बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा संभव है।

## आज का इतिहास

### 22 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्पेन ने 1731 को वियना संधि पर हस्ताक्षर किए।
- जॉर्ज वॉशिंगटन ने 1775 में अमेरिकी सेना की कमान संभाली। जार्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे।
- भारत के पहले पायलट इंद्रलाल राय 1918 में लंदन के आसपास जर्मनी के विमानों के साथ संघर्ष में मारे गए थे।
- भारत का राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया था
- भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एप्पल ने 1981 में कार्य करना प्रारंभ किया।
- अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने 1988 में रक्षा मंत्रालय पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के लिए शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना 1999 को लागू हुई।
- शेर बहादुर देउबा 2001 में नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने, समूह-आठ देशों का जिनेवा में सम्मेलन सम्पन्न हुआ।
- इराक में हवाई हमले में 2003 को तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए थे।
- शांति के लिए 1976 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली बैटी बिलियम्स मैक्सिको 2004 में गिरफ़्तार।
- आतंकवादी होने के सन्देह में लंदन पुलिस ने 2005 को निर्दोष ब्राजीली नागरिक जीन चार्ल्स डे-मेंसेज को मार गिराया।
- पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान ने 2008 में एक अदालत में अपने खिलाफ़ लगे प्रतिबन्धों हेतु पुनर्विचार याचिका दायर की।

### शहर के बीच से गुजर रही धन्ना तलाई नहर की होगी सफाई

# कचरे से अटा शहर का 'दिल' फिर से धड़केगा

## साढ़े तीन किमी लम्बी नहर के लिए सरकार ने दिए पैसे, टेंडर छूटा, जल्द होगा काम शुरू

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** शहर के कचरे को अपने आगोश में समेटे धन्ना तलाई चेनल (नहर) की निर्माण के बाद से करीब 41 साल बाद पहली बार सफाई होगी। जिला कलक्टर डॉ सौम्या झा के प्रयासों के बाद सिंचाई विभाग ने इस नहर की सफाई और मरम्मत के लिए 18.50 लाख रुपए जारी कर दिए हैं। ठेकेदार को सफाई के लिए ठेका भी दे दिया गया है। बोलचाल में इस नहर को शहर का दिल भी कहा जाता है। उम्मीद की जा रही है कि सफाई और मरम्मत के बाद नहर में फिर से पानी बहने लगेगा और यह 'दिल' एक बार फिर से धड़कने लगेगा।

### शहर को पानी भराव से बचाने को बनी थी नहर

अतिवृष्टि और अत्याधिक पानी आने के बाद शहर को बाढ़ के हालात से बचाने के लिए वर्ष 1983 में सिंचाई विभाग ने धन्ना तलाई से पक्के बंधे तक इस नहर का निर्माण कराया था, ताकि पानी नहर के जरिए बहकर शहर के बाहर बांध में चला जाए और लोगों को परेशानी ना हो। धन्ना तलाई से आगे बस स्टैण्ड के सामने से होकर यह नहर आगे बढ़ती जाती है और शहर के बाहर पक्के बंधे तक जाती है। समय के साथ-साथ शहर बढ़ा और नहर पर अतिक्रमण भी बढ़ गए। अभी हालात ऐसे है कि लगभग आधे शहर का कचरा इस नहर में डाले जाने लगा। अभी कई स्थानों पर तो ढूंढने से भी नहर नहीं मिलती है। नई पीढ़ी के लोग इसे गंदे नाले के नाम से जानते हैं। हाल ही मानसून की पहली बरसात के बाद टोंक शहर में बने बाढ़ के हालात को देखकर जिला कलक्टर ने सिंचाई विभाग के अधीशासी अभियंता अशोक जैन को इसका जिम्मा सौंपा था। जैन ने नहर का सर्वे करवाकर सफाई-मरम्मत का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा था। जिसके बाद उपोरोक्त राशि जारी हुई है।

### भारी मात्रा में कचरा निकलेगा, होगी मरम्मत

प्रस्ताव के तहत साढ़े तीन किमी लम्बाई में नहर से कचरा निकाला जाएगा। कम से कम दो फीट गहराई तक कचरा निकालेंगे। कुछ जगहों पर नहर की दीवारें नष्ट हो चुकी है, वहां उसकी मरम्मत कराई जाएगी। जहां सफाई-मरम्मत का काम होगा, नहर को वो अधिकतर हिस्सा शहर के बीच में और आबादी में आता है। ठेकेदार को जल्द काम शुरू करने को कहा गया है, ताकि आगामी दिनों में अगर फिर भारी बरसात होती है तो नहर के जरिए पानी बांध में चला जाए।

### शुरुआत अच्छी पर दिक्कतें बहुत हैं

सफाई के काम में सबसे बड़ी बाधा नहर को पाटकर अतिक्रमण कर लेने और नहर में से होकर किए गए पानी के अवैध कनेक्शन है। इनकी तादाद इतनी है कि काम कराना मुश्किल हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक नहर में से होकर जा रहे पाइपों को हटाया जाएगा। ऐसे में काफी संख्या में लोगों को पेयजल की दिक्कत आ सकती है। विरोध भी होगा। ऐसे में पर्याप्त पुलिस जाब्ते और नगर परिषद के अतिक्रमण हटाओ दस्ते के बगैर ठेकेदार के लिए काम करना मुश्किल होगा। ऐ दिक्कत यह भी रहेगी कि जहां नहर खुली है और अतिक्रमण से मुक्त है वहां सफाई-मरम्मत आसानी से हो जाएगी, लेकिन जहां नहर पर निर्माझा कर अतिक्रमण कर लिए गए हैं, वहां ना तो सफाई हो सकेगी और ना ही मरम्मत। ऐसे में सरकार का उद्देश्य कैसे पूरा होगा, यह बड़ा सवाल है ?

### इनका कहना है

**जल्द काम शुरू करेंगे**

जिला कलक्टर मेम के निर्देश पर सर्वे करवाकर नहर की सफाई और मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर सिंचाई विभाग ने बजट देकर काम का टेंडर भी जारी कर दिया है, जल्द काम शुरू करेंगे।

अशोक जैन, अधीशाषी अभियंता सिंचाई विभाग, टोंक

**टीम रहेगी साथ, हर संभव मदद करेंगे**

जिला कलक्टर मेम के प्रयासों से धन्ना तलाई नहर की सफाई-मरम्मत होगी, इससे बड़ी खुशी की बात और क्या होगी। इससे शहर की सफाई व्यवस्था सुधरेगी। नगर परिषद की पूरी टीम सिंचाई विभाग-ठेकेदार के साथ खड़ी होगी। जहां अतिक्रमण हैं, वहां उनका दस्ता अतिक्रमण हटवाएगा। सफाई का काम और अतिक्रमण हटाना दोनों काम एक साथ होंगे।

ममता नागर, आयुक्त नगर परिषद, टोंक

---

भव्य कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगा नो दिवसीय वाल्मिकी रामायण महोत्सव

## कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण पिंक लहरिया औढ़ी महिलाऐं होगी कलश लेकर जुलुस में आगे बढ़ेगी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के नवीन मण्डी बाजार स्थित विजयवर्गीय सेवा सदन में 22 जुलाई सोमवार से संगीतमय श्रीमद् वाल्मिकी रामायण कथा का आयोजन होगा। आयोजक परिवार के मुखिया रामसहाय तथा आयोजक परिवार के सदस्य भंवरलाल, आनन्दीलाल व टीकम चन्द ने बताया कि 22 जुलाई सोमवार को प्रात: 8 बजे पुरानी तहसील स्थित श्री चारभुजा नाथ के मन्दिर से भव्य कलश यात्रा का जुलुस निकाला जाएगा। जो शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर कथा स्थल विजयवर्गीय सेवा सदन पहुंचेगा। जहां 30 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह से 10 से 5 बजे तक व्यासपीठ से व्याकरणाचार्य आचार्य पं. ऋषिराज शर्मा संगीतमय कथा का रसपान कराएगें। कथा के मुख्य आकर्षण श्री राम अवतार प्रसंग, शिव पार्वती विवाह, श्री राम जन्मोत्सव, श्री राम सीता विवाह, श्री राम का वन गमन एवं भक्त दर्शन, केवट निषाद प्रसंग व भरत मिलाप, सति अनसूया दर्शन, सुग्रीव व नवधा भक्ति, बाली उद्धार, रामेश्वरम स्थापना, रावण उद्धार, श्री राम जी का राज्याभिषेक के प्रसंग होगें। इसी क्रम में विजयवग्रीय समाज मालपुरा की स्थानीय सभा के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद



विजय राजपुरा वाले एवं महामंत्री कैलाश चन्द विजय अजमेरी वालो की ओर से विजयवर्गीय समाज मालपुरा के नाम एक अपील जारी की गई। जिसमें बताया गया कि सोमवार को प्रात: 8 बजे श्री चारभुजा नाथ के मन्दिर से कलश यात्रा प्रारम्भ होगी। जिसमें शामिल होने वाली महिलाओं के लिए पिंक कलर की लहरिया साड़ी ड्रेस कोड रखा गया है। अपील में समाज की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने, कथा महोत्सव में मोजुद रहकर कथा का रसपान कर पुण्य प्राप्त करने का आव्हान किया गया है।



---

# गुरू पूर्णिमा पर गुरू कें चरणो में उमड़े शिष्य कलाधणी के उमड़ा आस्था का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में पावन गुरूपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अनेक कार्यक्रमो में शिष्य गुरू के चरणो में वंदन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। रविवार को पावन व पवित्र गुरूपूर्णिमा होनें के चलते शिष्यो के गुरू के चरणो में वंदन करने का कार्यक्रम चलता। शिष्य अपने अपने गुरूओं के यहां पहुंच की चरणप वंदन किया। इसी क्रम में क्षैत्र के सभी पवित्र गुरूद्धारो, रामद्वारो में सवेरे से ही श्रद्धालुओं व शिष्यो के उमड़ने का क्रम जारी रहा। पवित्र गुरूपूर्णिमा के अवसर पर डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के यहां मासिक मेले का आयोजन हुआ। आसपास व दूरदराज से भारी संख्या में कलाभक्त कल्याण जी महाराज के दर्शनो के लिए डिग्गी धाम पहुंचे। तेंज गर्मी व भारी उमस की परवाह किए बिना श्रीजी के भक्त कोई नंगे पांव तो, कोई कनक दण्डवत करते तो कोई पैदल चलकर भी कल्याण जी महाराज के दरबार में पहुंच कर



हाजरी लगाई। पसीनो से लथपथ श्रद्धालु श्रीजी के सामने पहुंचते ही काफी खुश नजर आए। वहीं सावन मास प्रारम्भ हो जाने के चलते पेदल यात्राओं के आने का क्रम भी डिग्गी धाम आने का क्रम शुरू हो गया। अब यह क्रम आगामी दो माह सावन व भादवा मास निरन्तर चलता रहेगा। इसी अवधि के दौरान डिग्गी धाम में 11 से 15 अगस्त तक 59वां लक्खी पदयात्रा मेला भी आयोजित होगा। गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर मालपुरा स्थित पवित्र दादा गुरूदेव की चरण स्थली दादाबाड़ी में भारी संख्या में श्रद्धालु पहूंच कर दादा गुरूदेव के चरणो के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के सत्संगीजन व श्रद्धालु सम्प्रदाय के प्रणेता स्वामी रामचरण जी महाराज की जन्मस्थली सोड़ा धाम पहुंच कर दर्शन किए तो सैकड़ो श्रद्धालु जिला मुख्यालय शाहपुरा पहुंच कर सम्प्रदाय की पावन पीठ श्री रामनिवास धाम पहुंच कर पीठाधीश्वर अंनंत विभूषित जगतगुरू स्वामी रामदयाल जी महाराज सहित अन्य विद्धान संतो के दर्शन कर गुरू पूर्णिमा का पुण्य प्राप्त किया। इसके अलावा विजयवर्गीय स्थानीय सभा मालपुरा के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर केकड़ी रामद्वारा धाम में संध्या आरती का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें विजयवर्गीय समाज के साथ साथ अन्य रामस्हेनी सत्संगीजन भी शामिल होकर महाआरती का लाभ प्राप्त किया।

### गुरू पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

मालपुरा उपखण्ड के टोरड़ी स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर में 21 जुलाई गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन पूज्य गुरूदेव श्री मोतीगिरी जी महाराज के पावन सानिंध्य में आयोजित हुआ। महोत्सव में आसपास व दूरदराज से भारी संख्या में गुरू भक्त व शिष्य शामिल हुए। श्री भूतेश्वर महादेव सेवा समिति के रतनलाल जांगिड़ ने बताया कि इसी क्रम में मन्दिर प्रागंण में बीति सम्पूर्ण रात्रि विराट भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के कई भजन कलाकारो ने सम्पूर्ण रात्रि भजन प्रस्तुत किए। वहीं रविवार को सुबह से पूज्य गुरूदेव श्री मोतीगिरी जी महाराज के चरण वंदन के लिए शिष्यो की लम्बी कतारे लगी। चरण वंदन के बाद समिति के तत्वावधान में आयोजित महाप्रसादी में गुरू भक्तो व शिष्यो में पंगत प्रसादी ग्रहण की।

---

# गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** गुरु पूर्णिमा पर यहां लोगों ने पूजा अर्चना की साथ बढ़-चढ़कर दान धर्म भी किये। तो वहीं अपने-अपने गुरुओं का आदर सत्कार कर चरण स्पर्श किए ।

रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यहां भगवान गुरु कृपा संस्थान ने भी गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया । इस मौके पर शिष्य भगवान गुरु कृपा संस्थान के आचार्य का आदर सत्कार करने पहुंचे साथ ही शिष्यों ने पंडित मुकेश गौतम का आशीर्वाद लिया इस दौरान सभी शिष्यों ने अपने



गुरु पंडित मुकेश गौतम से मंत्र भी प्राप्त किये। इस अवसर पर पंडित मुकेश गौतम ने अपने शिष्यों को गुरु का महत्व बताया और कहां कि गुरु हमे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है । इस दौरान पंडित गौतम ने वेदव्यास जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और सभी शिष्यों को आशीर्वाद भेंट किया।

---

## चार माह तक संतों की ओर से एक ही स्थान पर रहकर साधना करना ही चातुर्मास: आर्यिका विष्णु प्रभा, सुंदर विजय मंगल चातुर्मास कलश की हुई स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज मालपुरा व अग्रवाल समाज मालपुरा के तत्वाधान में रविवार को जयपुर रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन पाण्डुकशिला मालपुरा में परम पूज्य आचार्य 108 श्री सुंदर सागर महाराज व आर्यिका 105 विजय मति माताजी की परम प्रभाविका शिष्या आर्यिका 105 विष्णु प्रभा माताजी व सुरम्य मति माताजी की चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अन्तर्गत सुबह चातुर्मास का झंडारोहण पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी पार्क में सुमेर आदित्य बडजात्या परिवार ने किया। इस अवसर पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आर्यिका विष्णु प्रभा ने कहा कि चार माह तक एक ही



स्थान पर संतो की ओर से साधना करने व समाज के लोगों के लिए धर्म का मार्ग प्रशस्त करना ही चातुर्मास है। उन्होंने कहा कि संतों के निवास करने से चारों तरफ का वातावरण धर्ममय हो जाता है। चार माह तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। आर्यिका सुरम्य मति माताजी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा का आज सुअवसर है। आचार्य सुन्दर सागर के जयकारे के साथ आर्यिका ने आचार्य की जीवनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मात्र 20 वर्ष में ही सांसारिक सुख व मोहमाया को छोड़ जैनेश्वरी दीक्षा लेकर 31 वर्ष की आयु में आचार्य पद ग्रहण किया। जीवन में दान का बहुत बड़ा महत्व है। संचालन संघस्थ ब्रह्मचारिणी कनक दीदी व शैली दीदी ने किया। इस दौरान समारोह में अग्रवाल समाज अध्यक्ष ताराचंद जैन, मंत्री पवन मोदी, चम्पालाल सुराशाही, त्रिलोक चंद जैन, विमल जैन डेठाणी, विमल जैन कठमाणा, अशोक कुमार जैन, मनोज कंसल, मुकेश संदेड़ा, संजय जैन, नितेश जैन, रामगोपाल जैन ठेंग्या, कजोड़मल जैन, सुभाष जैन, दिलखुश जैन, राकेश जैन, राजकुमार जैन सहित लावा, डिग्गी, चांदसेन, जयपुर, टोरडी, झिराना, सागवाड़ा, उदयपुर, पचेवर सहित कई स्थानों के जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

## प्रभूदयाल बैरवा-कड़ीला बने बैरवा धर्मशाला समिति के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड के डिग्गी स्थित बेरवा धर्मशाला में बैरवा धर्मशाला समिति की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हुआ जिसमं कड़ीला प्रभूदयाल बेरवा को समिति अध्यक्ष मनोनीत कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। रविवार को निर्वाचन अधिकारी आर.सी. बैरवा की देखरेख में समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामदयाल बैरवा, उपाध्यक्ष पांचूराम बैरवा, महामंत्री रामकरण बैरवा, , कोषाध्यक्ष प्रहलादराय बैरवा बीड़ गणवर को नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारणी सदस्यो के रूप में गजानन्द बैरवा, राजू गंगवाल, एडवोकेट मूलचंद बैरवा, रामजीलाल बैरवा, मनीष बैरवा, व रामप्रसाद बैरवा को मनोनीत किया गया। नए अध्यक्ष सहित समिति के नए पदाधिकारियो ने संविधान निर्माण बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को साक्षी मानकर समाज हित में कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान बैरवा महासभा मालपुरा अध्यक्ष रामस्वरूप बैरवा, बैरवा समाज छात्रावास समिति मालपुरा अध्यक्ष बनवारीलाल बैरवा, डिग्गी बैरवा धर्मशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद नारायण बैरवा, सहित बैरवा समाज के अन्य कई गणमान्य व प्रबुद्ध समाजबंधु मौजुद रहे।

---

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने गुरुपूर्णिमा पर गुरुवंदन कार्यक्रम आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा देवली की ओर से रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रात: 10 बजे से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परिसर देवली में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के मंत्री भँवर लाल वैष्णव ने बताया की प्रदेश नेतृत्व और जिला बैठक मे लिए गए निर्णय के अनुसार प्रवासी कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश माहेश्वरी के सानिध्य में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें गुरुओं का सम्मान और पूजन किया गया। कार्यक्रम मे उप शाखा देवली के सभी समर्पित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

---

## कृषि उपज मंडी स्थापना के तीन दिवसीय कार्यर्र मों का हुआ समापन

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित, साफा बांधो प्रतियोगिता में कृषि मंडी सचिव रहे विजेता

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** कृषि उपज मंडी के स्थापना दिवस का तीन दिवसीय कार्यक्रमों का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में अतिथियों ने 3 दिन के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि समापन दिवस पर म्यूजिकल चेयर, शतरंज, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ व साफा बांधो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शतरंज प्रतियोगिता में राहुल बोहरा व म्यूजिकल चेयर में प्रथम नरेंद्र विजय व द्वितीय योगेन्द्र सिंघल रहे।

इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सन्नी सैनी व द्वितीय स्थान रक्षित बेनीवाल व 200 मीटर दौड़ में प्रथम अथर्व जैन व द्वितीय स्थान हेमराज सैनी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार साफा बांधो प्रतियोगिता में मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी प्रथम तथा रामप्रसाद प्रजापत द्वितीय स्थान



पर रहे। शनिवार की शाम महावीर क्लब व कल्याण क्लब के बीच क्रिकेट का सेमीफाइनल मुकाबला हुआ जिसमें महावीर क्लब विजेता रहा। इस अवसर पर समापन समारोह का आयोजन हुआ।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक मंडी शुल्क जमा करवाने में चेतनकुमार जैन प्रथम, रविन्द्रकुमार शर्मा द्वितीय व नन्दकिशोर बेनीवाल तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार इसी वितीय वर्ष में कृषक कल्याण शुल्क जमा करवाने में प्रथम कमल सबनानी, द्वितीय शिवदयाल सैनी व तृतीय स्थान पर रामसहाय सैनी रहे।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव : शहरभर के विभिन्न मंदिरों में भी हुआ गुरु पूर्णिमा का विशेष आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर समेत पूरे प्रदेश में रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इसे लेकर सुबह से ही श्रद्धालु अपने इष्ट गुरुओं से आशीर्वाद लेने पहुंचे। जयपुर के आराध्य मंदिर श्री गोविंद देव जी में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं, देवस्थान विभाग की ओर से मंत्री जोराराम कुमावत ने भी जयपुर के प्रमुख मंदिरों में जाकर वहां के महंतो की पूजा कर आशीर्वाद लिया।

मंदिर श्री गोविंद देव जी में इस दिन श्रीपाद् सनातन गोस्वामी महाराज के तीरोभाव तिथि उत्सव मनाया गया। वहीं, ठाकुर श्रीजी का मंगला झांकी के बाद पंचामृत अभिषेक किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर भगवान का विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही ठाकुर श्रीजी को बरफी का भोग लगाया गया ।

### गायत्री शक्तिपीठ में भक्तिभाव से मनाया गया गुरु पूर्णिमा

शहर भर में रविवार को गुरु और शिष्य के संबंध का महापर्व गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और विश्वास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहरभर के विभिन्न मंदिरों में शिष्यों ने अपने गुरु की चरण वंदना की और शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। जिससे छोटी काशी के मठ दूर्मंदिर और आश्रम गुरु वंदना से गूंजायमान हो उठा। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में मनाए जा रहे तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को तीसरे दिन गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा रविवार, 21 जुलाई को मनाया गया । सुबह आठ से ग्यारह बजे तक नौ कुंडीय महायज्ञ हुआ । इस मौके पर समाधि स्थल सजल श्रद्धा और प्रखर प्रज्ञा पर गुरु चरण पादुका पूजन किया गया। नए साधकों को गुरू दीक्षा दी गई । यज्ञोपवीत, पुसंवन, नामकरण सहित अन्य संस्कार भी कराए गए ।

**वेदना निवारण केन्द्र में संपन्न हुआ सामूहिक जप :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केंद्र में गुरु-शिष्य परंपरा का अनुशासन पर्व गुरू पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया । केन्द्र के व्यवस्थापक आर डी गुप्ता ने बताया कि रविवार, 21 जुलाई को सुबह नौ बजे से गुरु पूजन, नौ कुंडीय यज्ञ, गुरु दीक्षा एवं अन्य संस्कार हुए । भारत को विश्व गुरु बनाने की कामना के साथ विशेष आहुतियां अर्पित की गई ।

### श्री गलताजी में हुआ गालव ऋषि, रामानुजाचार्य , पयोहारी महाराज का पूजन

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलताजी में गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव रविवार, को मनाया गया । श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि रविवार सुबह स्वामी अवधेशाचार्य महाराज गालव ऋषि, रामानुजाचार्य , पयोहारी महाराज, कील्ह जी महाराज से लेकर रामोदाराचार्यजी तक समस्त पूर्ववर्ती आचार्यों का विधिवत पूजन किया गया । सुबह सात बजे से नए शिष्यों को स्वामी अवधेशाचार्य महाराज पंच संस्कारित कराकर दीक्षा ग्रहण करवाई । पुराने शिष्य स्वामीजी के श्री चरणों का पूजन किया । इस अवसर पर स्वामीजी शिष्यों को कंठी भी धारण करवाई । देश दुनिया से पधारे सैंकड़ों शिष्य गुरु पूजन के लिए उपस्थित हुए ।

# परमार्थ भवन पर हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन के सम्पूर्ण भारतवर्ष से पधारे हुए अनुयायियों द्वारा श्री कोकिल सत्संग समिति तथा परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज द्वारा सभी भक्तजनों को सदाचार, नर सेवा नारायण सेवा एवम् मानव जीवन को प्रभु भक्ति में समर्पित करने हेतु प्रेरित किया। समारोह में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे हुए संगीतज्ञों द्वारा भक्तिरस से सराबोर प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी भक्तवृन्द भावविभोर होकर झूमने लगे, जिससे समारोह की भव्यता में चार चांद लग गए। उपरोक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम दोनों समितियों के सर्वश्री इन्दर लाल गुप्ता, आर के अग्रवाल, नरेश गोयल पैंतरा, श्याम विजय, ओम प्रकाश शर्मा, रामावतार माहेश्वरी, सत्यनारायण गुप्ता, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, राधेश्याम सोनी, एवम् अन्य सम्माननीय पदाधिकारियों एवम् सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### समर्पण संस्था ने हरमाडा के डॉ. अम्बेडकर पार्क में किया वृक्षारोपण

# हरियाली बढ़ाने में हर व्यक्ति अपना योगदान दें : अनिल कुमार जैन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए ।पेड़ ही जीवनदायी ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत है । धरती पर प्रत्येक जीव जन्तु का जीवन पेड़ों पर ही निर्भर है । उक्त विचार रविवार को सीकर रोड पर हरमाडा स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क में समर्पण संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त श्री अनिल कुमार जैन ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को गंभीरता से लेकर नियमित पेड़ लगाने चाहिए ।सामाजिक संस्थाओं को सरकार के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं में जनशक्ति के साथ योगदान देना चाहिए। इससे पूर्व वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे आर्किटेक्ट अंजली माल्या व सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया। संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम में संस्था सदस्यों द्वारा पार्क में छाया, फल व सौन्दर्य के कुल 27 बड़े पेड़ लगाये गये ।डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति के स्थानीय सदस्यों ने पेड़ों की नियमित देखभाल की ज़िम्मेदारी ली। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आपके सवाल चैनल के संचालक श्री अनिल कुमार अग्रवाल व डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति के ज़िला अध्यक्ष श्री महता राम काला ,समाजसेवी रामेश्वर सेवार्थी, आर्किटेक्ट राम प्रसाद लोदिया, हीरा लाल बैरवा, भगवान सिंह, गौरव राज जन्डेल, गिरधारीलाल उदय , राम स्वरूप महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व संस्था सदस्य उपस्थित रहे । मंच संचालन श्री बी डी बैरवा ने किया ।

# त्रिमूर्ति मानसून रन देगी एनवायरनमेंट और फ्रेंडशिप का संदेश

## फिटनेस अवेयरनेस के लिए 4 अगस्त को आयोजित होगा त्रिमूर्ति मानसून रन का 8वां एडिशन

### जवाहर सर्कल ज़ोन में आयोजित हुआ प्री-मानसून रन फिटनेस कैंप का दूसरा इवेंट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** गुलाबी नगरी जयपुर में फिटनेस को बढ़ावा देने और जीवनशैली को स्वस्थ बनाने के लिए त्रिमूर्ति बिल्डर्स और जयपुर रनर्स क्लब द्वारा संयुक्त रूप और बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज व जीसीएल के सहयोग से आयोजित श्त्रिमूर्ति मानसून रनश् का 8वां संस्करण 4 अगस्त को आयोजित होगा। इस मेगा इवेंट में शामिल होने का बेहतरीन मौका होगा जहां शहर के विभिन्न हिस्सों से लोग भाग लेंगे। जयपुर रनर्स क्लब ने जवाहर सर्कल ज़ोन में प्री-मानसून रन फिटनेस कैंप का दूसरा इवेंट रविवार को आयोजित किया है। इस कैंप में सभी उम्र के प्रतिभागियों ने बूट कैंप, रनिंग ड्रिल्स और अन्य फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके पहले महेश नगर ज़ोन में भी एक प्री-इवेंट 17 जुलाई को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। जवाहर सर्कल ज़ोन के डायरेक्टर रीतिका जोशी, विष्णु टाक, पूजा भार्गव, नीतिका चौधरी के नेतृत्व एवं फिटनेस कोच दिनेश चौधरी के सहयोग से इस कैंप को लीड किया गया। जयपुर रनर्स क्लब के एग्जीक्यूटिव प्रेजिडेंट दीपक शर्मा ने बताया कि श्त्रिमूर्ति मानसून रनश् का आयोजन फ्रेंडशिप डे पर शहर में फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आयोजन में तीन विभिन्न कैटेगरीज में रन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ में लोग भाग लेंगे। साथ ही ज़ोनल डायरेक्टर विष्णु टाक और सदस्य मोनिका ने बताया कि त्रिमूर्ति मानसून रन का आयोजन शहर में फिटनेस जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया जा रहा है। रवि गोयंका और जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा ने आयोजन की अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन का मकसद शहर में फिटनेस एवेयरनेस के साथ साथ हरियाली को बढ़ावा देना भी है। इसके लिए रनर्स दौड़ते हुए रास्ते में पौधों के बीज गिराते हुए आगे बढ़ेंगे ताकि त्रिमूर्ति मानसून रन का ध्येय श्फ्रेंडशिप विद द नेचरश् को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह आयोजन का आठवां संस्करण है, जिसमें बड़ी संख्या में रनर्स के हिस्सा लेने की उम्मीद की जा रही है।

# माली-सैनी समाज हुआ लाभबंध : फुले बोर्ड और लव-कुश बोर्ड में अध्यक्ष सहित बोर्ड को सौ करोड़ के बजट की मांग को सरकार से करेगा मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जिस प्रकार सभी जातियों ने अपने समाज को लेकर महाकुंभ किया था और इसके बाद गहलोत सरकार ने कई समाजों के बोर्ड बना दिए थे। वर्तमान भजन लाल सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले जातीय समीकरण को साधने के लिए कुछ बोर्ड अध्यक्ष नियुक्त किया था। लेकिन अब फिर से जातीय आरक्षण को लेकर मामला तूल पकड़ते हुए नजर आ रहा है। इसी को लेकर माली-सैनी महासभा राजस्थान की ओर से समाज से जुड़े एवं मुद्दों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूल वाले के नेतृत्व में ओबीसी को मूल आरक्षण की मांग को लेकर आम सहमति बनी। ताकि समाज के युवाओं को सरकारी नौकरी सहित नगर पालिका पंचायत समितियां में सही अनुपात में मौका मिले। वही जाति की जनगणना की मांग को लेकर भी इस बैठक में सहमति बनी। महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड और लव-कुश बोर्ड में अध्यक्ष बनाने सहित बोर्ड को सौ करोड़ के बजट की मांग को लेकर संगठन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार से मांग करेगा। समाज ने इस मीटिंग में सभी राजनीतिक पार्टियों से निकाय चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व की मांग की संगठन की ओर से आगामी दिनों में बड़ा अधिवेशन करके समाज की ओर से प्रदर्शन किया जाएगा। माली सैनी महासभा के कार्यालय प्रभारी सागर महावर ने बताया कि इस बैठक में महासभा के अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी ,विधायक भागचंद टकड़ा, प्रवक्ता विनीत सांखला, महामंत्री बाबूलाल सैनी, जिला अध्यक्ष अलवर पूरणमल सैनी, पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, संरक्षक वृद्धि चंद्र शाहपुरा,गुड्डू सैनी, रामस्वरूप सैनी, एडवोकेट पुष्पेंद्र कुमार, किशन गहलोत, भागचंद सैनी, ओम प्रकाश, सैनी कृपाल सैनी, मुकेश सैनी, करतार सैनी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस बैठक में जयपुर शहर जयपुर, ग्रामीण,अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, झुंझुनू,जोधपुर सहित अन्य जिलों से समाज के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

# जयपुर पुलिस से लगाई न्याय की गुहार, जालसाजी से प्रॉपर्टी बेचने वाले दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर के विधायकपुरी थाना इलाके में जालसाजी से प्रॉपर्टी बेचने वाले दोषियों की गिरफ्तारी मांग को लेकर पीड़ित ने जयपुर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस सबंध में विधायकपुरी थाने में पीड़ित की ओर से दो साल पहले धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया गया था। विधायकपुरी थाने में सूरजपोल निवासी अकील अहमद की पत्नी ने साल-2022 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था कि चमेली मार्केट में उन्होंने एक प्रॉपर्टी खरीदी थी। खरीद गई प्रॉपर्टी का पट्टा व डॉक्यूमेंट भी उनके नाम पर है। आरोप है कि आरोपित पड़ोसी ने जालसाजी कर उनकी प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज बना कर कुछ हिस्सा बेचान कर दिया। विधायकपुरी थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी गई। पीड़ित अकील अहमद ने रविवार को मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उनकी दर्ज एफआईआर पर पुलिस ने आरोपित व उसके साथियों को दोषी माना। जुर्म प्रमाणित होने के बाद भी अब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि विवाद को लेकर आरोपित की तरफ से उसको लगातार धमकाया जा रहा है।

पुलिस अफसरों से पीड़ित ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि पुलिस अफसरों ने मामले की जांच एसओजी को करने के आदेश दिए है। एसओजी की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

# नशे के शौक को पूरा करने के लिए चेन स्नेचिंग करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने रविवार को भट्टा बस्ती थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक चेन स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने नशे के शौक को पूरा करने के लिए चेन स्नेचिंग करना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन बरामद की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने भट्टा बस्ती थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए आरोपित संजय गुर्जर उर्फ डेमो उर्फ काल्या (22) निवासी सदर दौसा को गिरफ्तार किया है। अभी हाल वह खातीपुरा खोह नागोरियान में रहता है। पिछले दिनों आरोपी डेमो ने भट्टा बस्ती इलाके में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। लूट की बढ़ती वारदातों को देखकर क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया। सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर चेन स्नेचिंग करने वाले डेमो को चिह्नित किया गया और फुटेज के आधार पर पीछा करते हुए आरोपित डेमो के घर पर दबिश दी। सीएसटी टीम ने आरोपित को पकड़ भट्टाबस्ती थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी सोने की चेन बरामद की।

# अतुल पोद्दार बने रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन के नए अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन ने प्रतिष्ठित होटल क्लार्क्स आमेर में अपना बहुप्रतीक्षित स्थापना समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राव राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि रोटेरियन राजेश अग्रवाल सहित कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। समारोह के दौरान, वर्ष के लिए नई नेतृत्व टीम को आधिकारिक रूप से स्थापित किया गया। रोटेरियन अतुल पोद्दार ने क्लब के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला, जबकि रोटेरियन रानू श्रीवास्तव को नए सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। दोनों ने सामुदायिक सेवा और विकास के क्लब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अपना उत्साह और प्रतिबद्धता व्यक्त की। रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन नियमित रूप से शिक्षा और स्कूल विकास पर काम कर रहा है। उन्होंने चूरू, सामोद गोविंदगढ़, सीकर के क्षेत्र में लगभग 120 स्कूलों को गोद लिया है, जिसमें उन्होंने स्कूल को आधुनिक बनाया है, स्कूल में नए शौचालय, डिजिटल बोर्ड, उचित सफाई व्यवस्था, खेल का मैदान और शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया है, ताकि बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। नए अध्यक्ष अतुल पोद्दार ने बताया कि, शाहपुरा में ब्लड बैंक खोलने की योजना बनाई गई है। अब शहर वासियों को ब्लड के लिए जयपुर जाने की जरूरत नहीं है। शहर का रोटरी क्लब रोटरी के सबसे अच्छे क्लबों में से एक है, जो रोटरी के उद्देश्य सेवा को स्वयं से ऊपर और रोटरी के जादू को समझता है।

# प्रॉपर्टी को लेकर दिखा क्रेज : दुबई अवेयरनेस मीट में उमड़े शहरवासी

### शहर में पहली बार दुबई की रियल एस्टेट कंपनियों ने सीधे इंटरेक्ट किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जय क्लब में आयोजित दुबई अवेयरनेस मीट में शहरवासियों मे खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान शहर के 500 से अधिक परिवारों ने आयोजन में शिरकत की और दुबई प्रॉपर्टी को लेकर अपना उत्साह दिखाया। जय क्लब एवं सीबेट्स रियल एस्टेट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मीट में दुबई की नामचीन रियल एस्टेट कंपनियों ने शहर मे पहली बार सीधे शिरकत की। इनमें डैमाक, डेन्यूब, शोभा, हार्ट ऑफ यूरोप, ब्लैंको, और बिंगाती और शिवांश बिल्डर्स ने दुबई के रियल एस्टेट मार्केट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ऑन द स्पॉट बुकिंग पर थार कार के साथ ही 22 लाख के 10 इनाम लक्की ड्रा के द्वारा वितरित भी किए गए, जिसको लेकर इन्वेस्टर्स में खासा उत्साह नजर आया। सीबेट्स के चेयरमैन रिंकू कुमार ने बताया कि गुलाबी नगरी में विजिटर्स का उत्साह देखने लायक था एवं आशा से अधिक लोगो ने इस अवेयरनेस मीट में अपना रुझान दिखाया, जिसके लिए पूरे शहर को धन्यवाद। इस अवसर पर सीबेट्स के निदेशक अनमोल गोयल ने रियल एस्टेट मार्केट पर वर्ल्ड ट्रेड की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि वर्तमान का समय रियल एस्टेट मार्केट के लिए काफी बेहतर है एवं इन्वेस्टमेंट का अभी सुनहरा अवसर है।

## विधायक ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# एक्शन मोड में विधायक, कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत ने रविवार को पंचायत समिति सभागार में उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बिजली विभाग व जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें विधायक ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। विधायक शेखावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा क्षेत्र में विधुत की आपूर्ति सुचारू रूप से चले और जनता को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। उन्होंने कहा कि विधुत कटौती बानसूर में ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर हो रही है। बिजली कटौती का सबसे बड़ा कारण कांग्रेस सरकार से विरासत में मिली व्यवस्था है।पिछले पांच साल में अशोक गहलोत सरकार ने एक भी नए प्लांट नहीं खोले। यही वजह है जो प्लांट आपरेशन में हैं,उन्हें थोड़ी भी राहत नहीं मिल रही हैं। वर्तमान भजनलाल सरकार बिजली कटौती की समस्या से निजात पाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस दौरान विधायक शेखावत ने फील्ड में अभियंताओं को ग्रेड सब स्टेशनों का नियमित दौरे करने के निर्देश दिए। जो प्लांट बंद थे उनको भी चालू किया गया है। धौलपुर प्लांट बंद था,उसकी टेस्टिंग हो गई है। विधायक ने कहा कि ट्रांसफर व केबल की पेंडेंसी को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिलकर उनको अवगत करवाया गया है जल्दी ही विधानसभा क्षेत्र की पेंडेंसी को ठीक कर लिया जाएगा और हो रही विधुत कटौती से भी निजात पा लिया जाएगा। इस दौरान विधायक ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई गई टंकियों के निर्माण और अधूरे पड़े कार्यों की जानकारी ली। अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कर जनता के लिए उसे ग्राम पंचायत को सौंपने के निर्देश दिए। विधायक ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहीं भी पानी की कमी नहीं हो। जहां पानी नहीं है वहां टैंकरों के जरिए व्यवस्था बनाई जाए और जो पाइप लाइन टूटी हुई है उसे ठीक किया जाए जिससे पानी कि आपूर्ति हो ताकि जीवन सहज हो सके। बैठक के दौरान स्थानीय विधायक पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आए विधायक ने तहसीलदार व विकास अधिकारी को भी निर्देश दिया कि यदि कोई भी पटवारी, सचिव या विभाग सम्बंधित कर्मचारी इमानदारी से कार्य नहीं करता है तो उस पर कार्रवाई करें । कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपको बता दें क्षेत्र में आए दिन करीब 7 से 8 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। पूर्व में विधायक देवी सिंह शेखावत ने विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री कों पत्र लिखा था बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई हैं।अब देखना होगा की बैठक के बाद व विधायक से मिले निर्देशों के बाद अधिकारी व्यवस्थाओं को कितना बदलते हैं या फिर पहले की तरह निर्देशों को ही ठंडे बस्तें में रख देते हैं। इस मौके पर तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, विकास अधिकारी महेंद्र सैनी, विधुत विभाग के एक्स एईन राजीव विराना, रामानंद दिक्षित, एडवोकेट नवीन कुमार, डॉ. राजेश यादव, सचिन सैनी, निरंजन ठेकेदार ,अनिल सिंघल समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## मुकदमें में जबरन गवाह बनने से मना किया तो एएसआई ने किया फोटोग्राफर के साथ अभद्रता

बढ़ता राजस्थान

**पाटन ( नि.स. )।** कस्बे के बस स्टैन्ड़ पर फोटोग्राफी का काम करने वाले फोटोग्राफर को एक मुकदमें की फोटो का प्रिन्ट निकालकर देना इतना महंगा पड गया कि पाटन थाने में तैनात एएसआई पितराम यादव ने अपने साथी के साथ फोटोग्राफर की दुकान पर आकर अभद्रता कर दी और उसका कम्प्युटर खराब कर दिया। इस बारे में फोटोग्राफी का काम करने वाले राजेश सैनी ने बताया कि वह पाटन में नीमकाथाना रोड पर फोटोग्राफी की दुकान है।। करीब 10 महिने पहले उसकी दुकान पर एक शख्स ने आकर उससे मारपीट के मामले की कुछ फोटो मोबाइल से देकर प्रिन्ट निकलवाये थे। फोटो के प्रिन्ट निकालने के कारण पाटन थाने का एएसआई पितराम उक्त मुकदमें में फोटोग्राफर राजेश सैनी को गवाह बनने के लिये दबाव बना रहा था। जब फोटोग्राफर ने मुकदमें में गवाह बनने से मना किया तो शुक्रवार को उसकी दुकान पर आये। और दुबारा गवाह बनने के लिये दबाव बनाने लगे मना करने पर एएसआई पितराम ओर उसके साथी पुलिसकर्मी आग बबुला हो गये और दुकान में मारपीट करने लगे तथा कम्प्युटर खराब कर दिया। पुलिसकर्मियों को इतने से ही तसल्ली नहीं हुई वो उसके साथ मारपीट करते हुये पुलिस थाने ले गये और वहां जबरन गवाही के कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिये। साथ ही फोटोग्राफर का नाम गवाह के रूप में हटाने के एवज में पैसों की मांग भी की। पुलिसकर्मियों द्वारा सरे बाजार दुकानदार से की गयी मारपीट की घटना दो दिन से कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## विधायक कृपलानी सहित भाजपा नेताओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर किए संतों के दर्शन, लिया आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राज्य के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्रीचन्द कृपलानी ने रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन प्रसंग पर हरि सेवा समिति (ट्रस्ट) संस्थान (मौनी बाबा आश्रम) निम्बाहेड़ा में विराजित श्री 108 श्री दिनेशानंद सरस्वती जी महाराज (लखन महाराज) व सन्त-महन्तो के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पावन प्रसंग पर विधायक कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, वरिष्ठ पार्षद पारस पारख ने विराजित संत श्री लखन जी महाराज का उपरना ओढाकर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कृपलानी ने कहा कि सन्तश्री का आशीर्वाद व मार्गदर्शन पाकर जीवन पथ को सदैव न्याय व सत्य मार्ग पर प्रशस्त रहने की प्रेरणा मिलती है। इससे पहले विधायक कृपलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्री नर्बदेश्वर महादेव एवं श्री पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत आश्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा सुरक्षा की शपथ ली। इस दौरान नगर महामन्त्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, मण्डल महामन्त्री राजेश धाकड़, गोपाल धाकड़ डला किशनपुरा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामन्त्री आशीष टांक, शक्तिकेन्द्र प्रभारी ओमप्रकाश नाथ, कमलेश शर्मा, भरत शर्मा पंडित अम्बालाल पाराशर आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण का कोई विकल्प नहीं : कुमार अजय

### पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर मोक्षधाम में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में जिलेभर में चल रही पौधरोपण के सघन अभियान के ही क्रम में रविवार को घांघू के पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर घांघू के श्री बैकुंठ मुक्तिधाम में उनके परिजनों की ओर से उनकी स्मृति में नीम, बकाण, शीशम, करंज आदि छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर श्रमदान कर पूर्व में लगाए पौधों की कटाई-छंटाई आदि कार्य भी किए गए।

पौधरोपण का शुभारंभ सहायक निदेशक (जन संपर्क) कुमार अजय ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यक्ति और विश्व दोनों ही अपने-अपने स्तर पर अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। व्यक्ति की प्रकृति से दूरी और विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन इसका अहम कारण है।

भागदौड़ की जिंदगी में आज न तो व्यक्ति के पास इतना समय रहा गया है कि वह प्रकृति की गोद में बैठे और न ही ऐसा परिवेश रह गया है। प्रकृति के पास आज व्यक्ति और दुनिया के समक्ष मौजूद इन चुनौतियों का समाधान है लेकिन हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा। प्रकृति के दोहन का परिणाम विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने आ रहा है लेकिन आज भी हम समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने स्व. हीराराम प्रजापत को याद करते हुए उनके साधारण-सरल प्रकृति-प्रेमी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए निरंतर पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण में जुटे बीरबल नोखवाल और परिजनों की सराहना की और कहा कि पारस्थितिकी और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को जागरुक होना होगा।

पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत के पुत्र बीरबल नोखवाल ने बताया कि श्री बैकुंठ मुक्तिधाम घांघू से शुरू हुआ पौधारोपण का कार्यक्रम संपूर्ण मानसून सत्र में गांव के सार्वजिनक स्थानों पर पौधे लगाकर जारी रखा जाएगा। इस दौरान केशरदेव प्रजापत, मुरारीलाल बाटू, संजय कुमार दर्जी, अभय नेहरा, सुनिल जांगिड़, बनवारी लाल रेवाड़, महेन्द्र कुमार भादू, हीरालाल भादू, अमित कुमार, धर्मेश प्रजापत आदि ने पौधारोपण किया।

## आभूषण चोरी गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार, एक क्रेटा गाड़ी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेलों, ट्रेन, रोडवेज तथा निजी बसों में गहनों के साथ सफर कर रही अकेली महिलाओ के गहनों के बैग में चीरा लगाकर जेवरात चोरी करना, जेब काटना इस तरह की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग के 3 सदस्यो को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया तथा उनके पास से एक क्रेटा गाड़ी को भी जब्त किया। संदिग्ध व्यक्तियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर साहवा थानाधिकारी अल्का बिश्नोई ने साहवा थाना स्टाफ और पुलिस थाना सिद्धमुख के सहयोग से गैंग के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बिश्नोई ने बताया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेलों, ट्रेन, रोडवेज तथा निजी बसों में गहनों के साथ सफर कर रही अकेली महिला के गहनों के बैग में चीरा लगाकर जेवरात चोरी करना, जेब काटना इस तरह की वारदात करने वाले हरियाणा के नारनौद, हांसी आदि इलाके के रहने वाले सांसी समुदाय के काफी व्यक्ति गैंग बनाकर लग्जरी गाड़ियों से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर घूमते रहते हैं तथा इनकी गैंग के कुछ लोग बस में चढ़ जाते हैं तथा एक दूसरे के संपर्क में रहकर चोरी करने के बाद बस से उतरकर गाडियों में बैठकर निकल जाते है।

पुलिस ने इस गैंग के 3 सदस्य, सतीश पुत्र प्रेम जाती सांसी उम्र 34 वर्ष, अजीत पुत्र प्रेम उम्र 38 वर्ष जाति सांसी निवासी राजथल पुलिस थाना नारनौद तहसील नारनौल जिला हिसार , दर्शन पुत्र जिलेसिंह जाति सांसी उम्र 25 साल निवासी भुवानी खेड़ा हांसी को शान्तिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से एक क्रेटा गाड़ी को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो से बीकानेर व सीकर रेंज के कई जिलों की चोरियो की वारदात के खुलने की संभावना है। पुलिस की इस कारवाई टीम में थानाधिकारी अल्का विश्नोई, हैड कांस्टेबल सोमवीर, कांस्टेबल उमेश, रणवीर, कुलदीप, रामनिवास , मुकेश, सुरेन्द्र कुमार पुलिस थाना साहवा व प्रमोद कुमार हैड कानि पुलिस थाना सिद्धमुख , रोहताश कुमार , संजय कुमार , राजेश कुमार शामिल थे।

## सैनी महासभा जिला कोटपूतली-बहरोड़ की कार्यकारिणी की प्रथम मीटिंग आयोजित

### जिला कार्यकारिणी का शपथ व प्रतिभा सामान समारोह 25 अगस्त 2024 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( नि.स. )।** कस्बे के डाबला रोड स्थित नारायणा गार्डन में सैनी महासभा कार्यकारिणी की मीटिंग अध्यक्षता शिम्भू दयाल सैनी बड़ौद के द्वारा आयोजित हुई।जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि जिला कार्यकारिणी का शपथ व प्रतिभा सामान समारोह का 25 अगस्त 2024 को होगा। जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने बताया 2024 में प्रतिभाओं में 10वीं 12वीं में 85प्रतिशत, ग्रेजुएशन 65प्रतिशत,, 2024 में जो सरकारी रीटायर्ड व सरकारी नियुक्ति,20 अगस्त 2024 तक मार्कशीट जमा होंगी।जिला कार्यकारिणी का विस्तार यूथ जिला अध्यक्ष रामकुमार सैनी रसनाली,पावटा तहसील अध्यक्ष रामसिंह सैनी पटेल, उपाध्यक्ष भीमराज सैनी,नियुक्त किया गया।मीटिंग में मौजूद संयोजक बाबूलाल सैनी,महावीर सैनी प्रधान बड़ौद, परमानंद सैनी नीमराना, पुरनचंद सैनी, दाताराम सैनी, रघुवीर प्रसाद, लीलाराम सैनी,सुभाषजमालपुरिया,गगाराम सैनी रतिराम सैनी, रामसिंह सैनी, भीमराज सैनी, रामरतन सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी, रामस्वरूप सैनी, गंगाराम सैनी,रामावतार सैनी,हंसराज सैनी रसनाली,दाताराम सैनी,हंसराज सैनी आदि कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। संचालन कुलदीप सैनी बानसूर रहे।

## रोहित प्रजापति के जन्मदिन पर हुआ 291 यूनिट रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** समाजसेवी रोहित प्रजापति के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रक्त की कमी को देखते हुए मेडिकल कॉलेज कोटा में थेलेसिमियां से पीड़ित और असहाय ग्रामीणों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 5 बजे तक चला, जिसमे कुल 291 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा प्रजापति का माला व साफा पहनाकर स्वागत कर केक कटवाया गया। प्रजापति ने बताया कि रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज अधीक्षक आर पी मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मोहित गौतम, डॉक्टर उमेश मीणा व शंभुदयाल प्रजापति रहे। रक्तदान शिविर में शालिनी गौतम ने उपस्थित होकर रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन किया व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है, हमे जब भी मौका मिले सदैव आगे बढ़ चढ़ कर इसमें भाग लेना चाहिए। शिविर में युवाओं का उत्साह देखकर काफी खुशी हुई । प्रत्येक युवा रक्तदान का संकल्प लें तो सरकारी ब्लड बैंक में कभी रक्त की कमी नहीं होगी।

## कठपुतली खेल और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जा रहा स्वच्छता के लिए जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** नगर निगम अलवर कमिश्नर डॉ बजरंग सिंह के अनुपम व नवाचार अब शहर में नजर आने लगे हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और लोगों को साफ सुथरा माहौल बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है । कहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तो कहीं कठपुतली कार्यक्रम के जरिए स्कूलों में बच्चों को सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम अलवर आयुक्त डा. बजरंग सिंह के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया व पॉलिथिन उपयोग नही करने के लिए प्रेरित किया गया और गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर नगर निगम के कर्मचारी राकेश मीना एमआईएस इंजीनियर एसबीएम शाखा मौजूद रहे।

## बलाई समाज विकास परिषद, फुलेरा की मीटिंग सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा,( नि.स. )।** बलाई समाज विकास परिषद की कार्यकारिणी की मीटिंग रविवार को परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कालावत की अध्यक्षता में बलाई समाज सामुदायिक भवन, पुराना फुलेरा में सम्पन्न हुई।बलाई समाज विकास परिषद के तत्त्वाधान में 28 जुलाई रविवार को होने जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर मीटिंग में निर्णय लिया कि समाज के प्रबुद्ध गण को आमंत्रित करने के साथ समाज के नगरपालिका पार्षद,क्षेत्रीय विधायक,पूर्व विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष को समारोह में आमंत्रित किया जायेगा।

इसके लिए परिषद के पदाधिकारी संपर्क कर आमंत्रण दिया जाए। नगरपालिका क्षेत्र व फुलेरा तहसील के समाज अधिकारी गण को विशेष आमंत्रित किया जाएगा। समारोह को लेकर कार्यक्रम की अंतिम रुपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मीटिंग में परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, पांचू लाल बरवड, उपाध्यक्ष कुंदन मल वर्मा,संयोजक सुगन चंद डोसीवाल, अंकेक्षक कालू राम पोरवाल, सचिव सुरेश खोवाल, मूल चंद गरवा, कृष्णकांत परिहार, राकेश बबेरवाल, जगदीश पंवार, कैलाश पंवार, राहुल पंवार, नरेंद्र पंवार, सलाहकार मंडल सदस्य सीता राम देवन्दा,गुडू नरानिया,सहित अनेक सदस्य गण मौजूद रहे। समारोह की अंतिम रुपरेखा तैयार की गई। मीटिंग का संचालन महामंत्री राम प्रसाद नारनोलिया ने किया।अध्यक्ष प्रमोद कालावत ने सभी का आभार जताते हुए प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की।

## संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(नि.स.)।** नवनियुक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र सिंह राठी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के समस्त संस्था प्रधानों की बैठक सोमवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाराम चोरड़िया ने बताया कि बैठक में ब्लॉक के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्थाप्रधानों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही समस्त संस्थाप्रधानो को सोमवार को बैठक में आने से पूर्व निम्न कार्य पूर्ण करवाकर आने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

1. नवप्रवेशित विद्यार्थियों की शाला दर्पण पर एन्ट्री।
2. हरित पाठशाला मॉड्यूल की शत प्रतिशत प्रविष्टि( पीईईओ/यूसीईओ अपने परिक्षेत्र के विद्यालयों से पूर्ण करवावे)
3. मिशन स्टार्ट टाइमटेबल अपलोड।4 .नि :शुल्क पाठ्यपुस्तक की ऑनलाइन प्रविष्टि।5 .साइकिल वितरण की ऑनलाइन एंट्री।6 .ष्ठत्रू मॉड्यूल की एंट्री( गार्गी पुरस्कार, लाइब्रेरी पुस्तक वितरण नामांकन का 10 प्रतिशत,द्बष्टअ मॉड्यूल)7 .पौधों की जिओ ट्रेकिंग। संयुक्त निदेशक महोदय ने उक्त कार्यो को पूर्ण नहीं किए जाने पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। ष्टद्बद्र* जोगेंद्र सिंह राठी ने समीक्षा बैठक में उपस्थित होने से पूर्व समस्त कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने हेतु कहा है।

## ग्रामीणों की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनोखी मुहिम

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर जोड़ी रामपुर व श्याम मंदिर रामपुर में वृक्षारोपण किया गया। ग्रामीणों ने नीलकंठ मंदिर परिसर में एकत्रित होकर एक पेड़ एक परिवार के नाम लगाने का निर्णय लिया। बृजेश सैनी ने बताया कि हमारे जीवन में पेड़ पौधों का बहुत महत्व है पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाने चाहिए सभी को एक पेड़ एक परिवार के नाम लगाना चाहिए। तों वहीं मोहन सैनी ने बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को एक पौधा हर साल लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर सैनी समाज अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल सैनी, ब्रजेश सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था अध्यक्ष कैलाश सैनी, योगेश सैनी, अमरसिंह मीणा, श्रीराम कुमावत, रोहिताश कुमावत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## सट्टे की खाई वाली करते एक सटोरिया गिरफ्तार, 18 हजार 540 रुपये की सट्टा राशि व सट्टा उपकरण भी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सरमथुरा थाना पुलिस ने सट्टे की सरेआम खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे 18 हजार 540 रुपए की सट्टा राशि व सट्टा उपकरण भी जब्त किए हैं।थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि एसपी धौलपुर सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक महाकालेश्वर मंदिर के पास सट्टे की खाई वाली कर रहा हैं। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए महाकालेश्वर मंदिर के पास से तारीफ पुत्र फकरू निवासी सती का चौक सरमथुरा को गिरफ्तार किया है। जिससे 18 हजार 540 रुपए की सटटा राशि व सट्टा उपकरण भी जब्त किए गए हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि भविष्य में भी अवैध जुआ सट्टा खेलने वाले अपराधियों व अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान टीम में थाना प्रभारी गौरव कुमार के साथ कॉन्स्टेबल श्यामबाबू, वीरेन्द्र और सुरेन्द्र चालक शामिल रहे।

### अवैध सटटा चलाने वाले अपराधियो के खिलाफ पुलिस थाना सरमथुरा की बड़ी कार्यवाही

## सरेआम सटटे की खाईवाली करते हुये सटोरिया दीपक कुमार उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** दिनांक 20-07-2024 को मन थानाधिकारी गौरव कुमार उनि0 थाना सरमथुरा के नेतृत्व मे कन्हैयालाल एचसी 775 मय जाब्ता ने दौराने गश्त मुखबिर की सूचना पर सटटा अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए झिरी मोड सरमथुरा के पास से मुल्जिम दीपक कुमार ऊर्फ दीपू पुत्र भगवानदास जाति वैश्य उम्र 41 साल निवासी सरमथुरा कस्वा सरमथुरा थाना सरमथुरा को गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिम से 10050/- रुपये सटटा राशि व सटटा उपकरण जब्त किये । जिस पर मु0नं0 193/2024 धारा 13 आरपीजीओ थाना सरमथुरा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। भविष्य में भी अबैध जुआ सट्टा खेलने वाले अपराधियों व अबैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के खिलाफ अभियान जारी रहेगा ।

### यासीन खान मर्डर केस पर बोले विधायक

## अपराध करने वाला कोई भी हो बचेगा नहीं : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत रविवार को बानसूर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए विधायक देवी सिंह शेखावत ने भाजपा नेता यासीन खान के मर्डर केस को लेकर कहा कि अपराध करने वाला कोई भी हो बचेगा नहीं।विधानसभा क्षेत्र के तीनों थानों के प्रभारी दुसरे राज्यों में अपराधियों की धरपकड़ में लगे हुए हैं। मामले में अब तक दो अपराधियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अपराधी चाहे कोई भी हो बख्से नहीं जाएंगे। मामले में कोई लिपापोती नहीं होंगी। अपराधियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। आपको बता दे कि 11 जुलाई 2024 को भाजपा नेता यासीन खान की जयपुर से अलवर लौटते समय नारायणपुर थाना क्षेत्र के गांव विजयपुरा में बदमाशों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। तभी सें क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस की टीमे लगातार अन्य आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है।

## वंडर मेगासिटी में किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** एसबीआई बैंक द्वारा वंडर मेगासिटी में लोन मेले का आयोजन व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।वंडर मेगा सिटी के जनरल मैनेजर प्रशांत बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया की रविवार को ग्राहकों की अधिक साइट विजिट होने के कारण एसबीआई बैंक द्वारा होम लोन मेले का साइट पर आयोजन किया गया जिसमें तकरीबन 20 परिवारों ने होम लोन से संबंधित जानकारी ली और कुछ लोगों के लोन तुरंत स्वीकृत किए गए एसबीआई आर्य नगर ब्रांच के चीफ मैनेजर रजत सक्सेना एवं मनीष जी व कपिल जी उपलब्ध थे । लोन मेले के साथ ही एसबीआई और वंडर मेगासिटी के संयुक्त तत्वाधान में मेगासिटी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी संपन्न किया गया, जिसमें 21 पौधों का रोपण किया गया जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी वंडर मेगा सिटी के द्वारा ली गई एसबीआई आर्य नगर के मैनेजर रजत सक्सेना जी ने उसी समय एसबीआई की तरफ से 11 ट्री गार्ड देने का वादा भी किया जिससे परिसर के बाहर जो पौधे लगाए जाएंगे वह सुरक्षित रह सके। लोन मेले का लाभ उठाकर ग्राहक भी काफी प्रसन्न व उत्साहित रहे क्योंकि उन्हें एक ही छत के नीचे घर और घर खरीदने के लिए पैसा मिल गया भविष्य में भी ऐसी योजनाएं ग्राहकों के सुविधा हेतु दी जाएगी।

## गर्ल्स कॉलेज में 159 पुलिसकर्मियों ने दी परीक्षा: 29 पदों के लिए आयोजित हुई कॉन्स्टेबल से हेड कॉन्स्टेबल पदोन्नति परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में रविवार को कॉन्स्टेबल से हेड कॉन्स्टेबल पदोन्नति परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2018-19 के लिए आयोजित की गई परीक्षा को लेकर 198 कॉन्स्टेबल ने आवेदन किए थे। 29 पदों के लिए आयोजित की गई परीक्षा में 22 पद सामान्य और 7 पद एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। कॉन्स्टेबल से हेड कॉन्स्टेबल पदोन्नति परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई। सुबह 9 से 12 तक की पारी में 198 में से 159 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इसी तरह दोपहर 2 बजे से 5 तक दूसरी पारी में 198 में से परीक्षार्थी 157 उपस्थित रहे, जबकि 41 परीक्षार्थी दूसरी पारी में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शाखा प्रभारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया- परीक्षा का प्रभारी डीएसपी नरेंद्र मीणा को बनाया गया है, जिनकी देखरेख में वर्ष 2018-19 के लिए 29 पदों पर परीक्षा आयोजित की गई है। इनमें 22 पद सामान्य और 7 पद एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

### सोच बदलो-गांव बदलो टीम ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

# सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान के साथ मनाया जन्मदिवस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** सोच बदलो-गांव बदलो टीम ने शनिवार को उत्थान परिसर बाड़ी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह रक्तदान शिविर सोच बदलो-गांव बदलो अभियान के प्रणेता एवं भारतीय राजस्व सेवा के आईआरएस अधिकारी एडिशनल कमिश्नर डॉक्टर सत्यपाल सिंह मीना के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए धौलपुर एवं अन्य जिलों के सैकड़ों युवाओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भीड़ लगी रही। युवा रक्तदाताओं के उत्साह के आगे बैड भी कम पड़ गए, तो एक बैड पर एक साथ दो-दो युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में धौलपुर एवं करौली के तीन ब्लड बैंकों की टीमों ने रक्तदाताओं के रक्त को संरक्षित किया। ये ब्लड बैंक सोच बदलो-गांव बदलो टीम की अनुशंसा पर ज़रूरतमंद लोगों के लिए रक्त उपलब्ध कराती हैं।

**एसबीजीबीटी का मानवीय प्रकल्प 'रक्तदान- महादान' :** टीम के चीफ़ कोऑर्डिनेटर देवेन्द्र सिंह धनेरा ने बताया कि यह टीम का पांचवा रक्तदान शिविर है। इस शिविर में 151 रक्तदाताओं ने अपनी रक्तवाहिकाओं से रक्त डोनेट किया। रक्तदान शिविर में न केवल युवाओं बल्कि सामाजिक कार्यकर्ताओं, सरकारी कर्मचारियों एवं महिलाओं ने भी स्वेच्छा से आकर रक्तदान किया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य ज़रूरतमंद लोगों को आवश्यकता के समय रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना,रक्तदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है।

**जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ा धर्म :** इस अवसर पर भोपाल से पधारकर डॉ. मीना ने कार्यकर्ताओं और रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे मानवहित और जनकल्याण हेतु आगे आकर समय-समय पर रक्तदान कर ज़रूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भागीदारी अदा करें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। युवाओं को मानवीय संवेदनाओं एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़कर ही समाज में एक स्वस्थ वातावरण तैयार किया जा सकता है। इस शिविर में रक्तदाताओं को सोच बदलो-गांव बदलो टीम की ओर से प्रतीक चिन्ह और एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में मंजरी फाउंडेशन के संजय शर्मा, आरसीए के पूर्व सचिव सुमेंद्र तिवारी, मीना समाज धौलपुर के अध्यक्ष किशनसिंह सरपंच, महामंत्री कल्याण सिंह, एडवोकेट अतुल भार्गव,भावेंद्र लाल संतानिया, कमलजीत सिंह, लाला सेंगर, पूर्व पार्षद सोनू त्रिवेदी, पूर्व पार्षद मुकेश राणा, मुन्ना फारुकी, शिवदयाल मंगल, गौतम गोस्वामी, अमन भार्गव,अपना घर सेवा समिति के पदाधिकारी, ईको नीड्स फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. प्रियानंद अगड़े, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने शामिल होकर डॉ. मीना को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

**पर्यावरण के प्रति संकल्पबद्ध हुए सैकड़ों कार्यकर्ता :** डॉ. मीना के जन्मदिवस के अवसर पर टीम के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों युवाओं ने बिशनगिरि धाम एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए रोपे गए पौधों की देखभाल करने की भी ज़िम्मेदारी ली।

बता दें कि सोच बदलो-गांव बदलो टीम पर्यावरण सरोकारों से संबद्ध अपने ग्रीन विलेज-क्लीन विलेज प्रकल्प के तहत प्रतिवर्ष बारिश के समय में जगह-जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हर्षोल्लास व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में रविवार को शहर में गुरु पूर्णिमा का विशेष हर्षोउल्लास देखा गया। संत आश्रमों पर सुबह से ही शिष्यों के परिवार सहित पहुंचने और गुरुओं के चरणों में बंदन करने का सिलसिला ऐसा चला कि दोपहर तक कहीं पर भी यह उल्लास शांत नहीं हुआ। शहर के सरमथुरा रोड स्थित बामनी नदी के राम दरबार आश्रम पर जहां विशेष भीड़ दिखाई दी वहीं तुलसी वन रोड स्थित बम बम बाबा आश्रम पर शिष्यों का पहुंचना शाम तक जारी रहा।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी संत आश्रमों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसके लिए दो दिन पूर्व से तैयारी चल रही थी। श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं की पूजा अर्चना की और प्रसादी ग्रहण की। गुरु पूर्णिमा को लेकर शहर के आचार्य गांधी पचौरी ने बताया की आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन आज से कई 3000 वर्ष पूर्व महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। मान्यता है कि उनके जन्म पर ही गुरु पूर्णिमा जैसे महान पर्व की शुरुआत हुई। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरी तरह से महर्षि वेदव्यास को समर्पित है। जिसको लेकर आज यह धार्मिक आयोजन शहर के विभिन्न संत आश्रमों पर देखने को मिले हैं। शहर के सरमथुरा रोड स्थित राम दरबार के दिवंगत संत पुरुषोत्तम दास महाराज की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प चढ़ाए और उनके चरणों का स्पर्श किया। आश्रम के महंत एवं बाबा के शिष्य बनवारी दास महाराज का सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसादी पाई।

वही तुलसिवन रोड़ पर नवीन बने बम बम बाबा आश्रम पर संत बम बम बाबा के चरणों का बंधन कर उनके शिष्यों ने आशीर्वाद लिया। यहां पिछले 10 महीने से अखंड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है। ऐसे में रामायण की भी पूजा अर्चना की गई और महाआरती का आयोजन हुआ। शहर की परशुराम धर्मशाला में संत राधेश्याम शर्मा का उनके शिष्यों ने आशीर्वाद लिया और नवीन शिष्यों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। इस दौरान विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा शहर की अग्रवाल धर्मशाला में आचार्य नरेंद्र शर्मा द्वारा कार्यक्रम किया गया।उमस भरी गर्मी में परेशान दिखे लोग

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित भण्डारो में लोगो ने प्रसादी पाई लेकिन उमस भरी गर्मी में लोग परेशान दिखे। पिछले एक पखबाड़े से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई है। ऐसे में उमस भरी गर्मी का समाना करना पड़ रहा है।

## एक पेड़ एक परिवार के नाम लगाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** जिले के रामपुर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर ( जोड़ी रामपुर) एवम श्याम मंदिर रामपुर में वृक्षारोपण किया गया। समस्त ग्राम वासियों ने एक पेड़ एक परिवार के नाम लगाने का निर्णय लिया गया या नीलकंठ मंदिर परिसर में सभी ग्रामवासी एकत्रित हुए इसमें से बृजेश सैनी ने बताया कि हमारे जीवन में पेड़ पौधों का बहुत महत्व है पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाने चाहिए सभी को एक पेड़ एक परिवार के नाम लगाने का निर्णय लिया। इस मौके पर मोहन सैनी ने बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को एक पौधा हर साल लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।इस अवसर पर सैनी समाज अध्यक्ष डॉ मोहन लाल सैनी,ब्रजेश सैनी (लुहारवला), महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था अध्यक्ष कैलाश सैनी, योगेश सैनी (महक ई मित्र बाईपास रामपुर) , अमरसिंह मीणा हवलदार जी, श्रीराम कुमावत, रोहिताश कुमावत,अजय नैनावत, गिरधारी ,देशराज, हवलदार अजीत स्वामी,शेरसिंह सैनी,श्रीराम कुमावत, निहालसिंह सैनी (वंडर सीमेंट) अन्य मातृशक्ति मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर धूमधाम से मनाई महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती, छात्रावास प्रांगण में किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** शहर में स्थित महाराजा दक्ष प्रजापति छात्रावास प्रांगण में मामचंद प्रजापति ठेकेदार की अध्यक्षता में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा दक्ष की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश प्रजापति दांतिल ने किया। मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में आरती मंत्र का उच्चारण करते हुए आरती श्री दक्ष प्रजापति महाराजा की आरती उतारी। इस मौके पर उपस्थित प्रबुद्धजनों व युवाओं को संबोधित करते मामचंद प्रजापति ने कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। एस डी एम बी एल बासनीवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर ही जीवन में सफलता अर्जित की जा सकती है। महेश प्रजापति दांतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। महापुरुषों को सदैव स्मरण करते रहना चाहिए।डॉ. रोहिताश्व मोरोडी ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा हमें संस्कार सिखाती है। कमलेश प्रजापति ने उपस्थित छात्रावासियों से कहा कि सभी छात्रों को शांति और सद्भाव से रहकर छात्रावास में अध्ययन करना चाहिए।इस अवसर पर छात्रावास प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। मौके पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संरक्षक एस डी एम बी एल बासनीवाल, पूर्व अध्यक्ष मामचंद ठेकेदार, सचिव कमलेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष महेश प्रजापति दांतिल, डॉ रोहिताश्व मोरोडी, रामौतार प्रजापति, मनोज गुरूजी, गिरीराज गुरूजी, अशोक प्रजापति निदेशक खुशी कैरियर सेंटर बानसूर, सांवतराम कूजोता, सतवीर कूजोता आदि गणमान्य लोगों सहित छात्रावासी सोनू, हिरालाल, कृष्ण, राकेश, रामसिंह, रमेश, सुरेश, महेश, संदीप, राजवीर, रामवीर, अखिल, उरमित, अनिल, धर्मपाल, होशियार, सुगनचंद, सुरेन्द्र, सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।

### धार्मिक स्थलों पर मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व : साधु संतों की पूजा

## अर्चना करने उमड़ी लोगों की भीड़, सरकार ने दो सतों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया। तीर्थराज मचकुंड के साथ, गंगाबाई की बगीची, कबीरपंथी आश्रम और अलग-अलग धार्मिक स्थलों पर अपने गुरु की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। गुरु पूर्णिमा के मौके पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम में जिले के दो संतो को माला पहनकर भेंट दी गई।

गुरु पूर्णिमा के मौके पर रविवार सुबह से ही धार्मिक स्थलों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरु की पूजा अर्चना करने के बाद प्रसादी ग्रहण की। गुरु पूर्णिमा को लेकर संत अवध किशोर जी महाराज ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेद व्यास का आज से करीब 3000 वर्ष पूर्व जन्म हुआ था। मान्यता है कि उनके जन्म पर ही गुरु पूर्णिमा जैसे महान पर्व मनाने की परंपरा को शुरू किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरी तरह से महर्षि वेदव्यास को समर्पित है। जिसको लेकर जिले के सभी धार्मिक स्थलों पर गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। रविवार को धौलपुर शहर के धार्मिक स्थलों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरु पूर्णिमा पर्व का हर्षोल्लास देखा गया। जहां भक्तों ने पहुंचकर गुरु पूजा करने के बाद प्रसादी ग्रहण की।

**संतों का किया प्रशासन ने सम्मान :** इस बार राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक जिले में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा संतों का सम्मान किया गया।

धौलपुर जिले के तीर्थराज मचकुंड के महंत कृष्णदास के साथ गंगाबाई की बगीची के महंत हनुमान दास जी महाराज का प्रशासन ने माल्यार्पण कर सम्मान किया। सम्मान के दौरान पहुंचे तहसीलदार धर्म सिंह ने राज्य सरकार द्वारा भेजी गई भेंट को संतो को देकर उनका आशीर्वाद लिया।

## पर्यावरण की रक्षा में एक कदम : इनर व्हील क्लब द्वारा गो ग्रीन थीम पर लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** इनर व्हील क्लब अलवर द्वारा गो ग्रीन थीम के आधार पर पौधारोपण प्रक्रिया के सप्ताह के अंतरगत गारमेंट गर्ल्स सीनियर स्कूल एसएमडी में पौधरोपण किया गया। क्लब के सीनियर मेंबर कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा स्कूल के अंदर लगभग 110 प्लांट लगाए गए जिसमें ज़्यादातर मैडिकल प्लांट भी लगाए गए अमलतास, अर्जुन ,गुलमोहर , मीठा नीम, कचनार, हार सिंगार, पीपल इत्यादि पेड़ लगाए गए क्लब पीडीसी पुष्पा गुप्ता जी द्वारा बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण करने के बारे में बताया गया साथ ही डॉक्टर सरोज द्वारा अपने जन्म दिवस पर सभी एक पौधा लगाएंगे की शपथ दिलायी गई इससे पहले भी क्लब द्वारा स्वरू स्कूल में भी पौधारोपण किया गया। क्लब सदस्यों द्वारा वहाँ 55 पौधे लगाए गए साथ ही इस सप्ताह के अंतर्गत दो सौ फुट रोड स्थित है सड़क के किनारे बड़े पेड़ लगाएंगी उनकी देखभाल का ज़िम्मा एक होटल मालिक ने लिया लगातार अपनी गो ग्रीन थीम के अंतर्गत अब तक 500 प्लांट विभिन्न जगह लगाए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडीसी पुष्पा गुप्ता द्वारा की गई। मंच संचालन एसएमडी स्कूल की अध्यापिका द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्ष नीलू जैन सचिव दया गर्ग इसके साथ ही अंजना सहाय बबिता खंडेलवाल कुमकुम खंडेलवाल डॉक्टर रिचा डॉक्टर सरोज डॉक्टर कुमकुम, अलका गुप्ता ,उषा गुप्ता , विनेश गुप्ता ने भाग लिया ।अंजना अनिल द्वारा कार्यक्रम में सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पुष्पा गुप्ता द्वारा स्कूल प्रिंसिपल सभी स्टाफ़ मेंबर का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाला बजरंग लाल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले बजरंग लाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित उसके पास से एमडी 1.93 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले बजरंग लाल निवासी मेड़ता नागौर हाल गोविन्दपुरा जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी 1.93 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त की है पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी की सी.एम.ई. एवं नई कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी की ओर से सीएमई आयोजित की गयी। इस सीएमई कार्यक्रम में नई दिल्ली के डॉ. पीयूष कपूर, कोटा के नेत्र सर्जन डॉ. अर्पित बंसल एवं मेडिकल कॉलेज कोटा के नेत्र विभाग की डॉ. पूजा कपाड़िया ने वीडियो प्रेजेन्टेशन के माध्यम से नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में अपना-अपना अनुभव साझा किया। केडीओएस के अध्यक्ष डॉ.अशोक मीणा एवं सचिव डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि इस सीएमई कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पीयूष कपूर अध्यक्ष एवं डायरेक्टर हीलिंग टच आई सेंटर नई दिल्ली से थे।

डॉ. कपूर ने ड्राई आई बीमारी एवं इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंखों के जो मरीज होते हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को ड्राई आई की समस्या होती है। जिसका मुख्य कारण आधुनिक जीवन शैली एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का अत्यधिक उपयोग एवं स्क्रीन पर ज्यादा समय देना है। डायबिटिक भी ड्राई आई का मुख्य कारण है। उन्होंने आंखों में सूखेपन की समस्या के लिए आधुनिक इलाज की महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सीएमई कार्यक्रम में नेत्र सर्जन डॉ. बंसल ने ऑप्टिक नर्व में सूजन से संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज की डॉ. पूजा कबाडिया ने आंख के पर्दे से संबंधित विशेष बीमारियों के बारे में नई तकनीक से जांच एवं इलाज से संबंधित जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी। सीएमई के अंत में प्रश्नोत्तर सेशन के दौरान चिकित्सकों ने अपने प्रश्न पूछे, जिनका नेत्र चिकित्सकों ने जवाब दिया और सीएमई कार्यक्रम के बाद कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी (केडीओएस) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।यह कार्य चुनाव अधिकारी डॉक्टर केके कंजोलिया द्वारा कराया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ कमलेश केदावत, सचिव डॉ राजेंद्र चंदेल, कोषाध्यक्ष डॉ राहुल गर्ग, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ वारिस हुसैन, वाइस प्रेसिडेंट डॉ विनीत गर्ग एवं अध्यक्ष साइंटिफिक कमेटी डॉ. अर्पित बंसल को मनोनीत किया गया। केडीओएस सीएमई कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंशिका द्वारा किया गया। अंत में केडीओएस के अध्यक्ष डॉ अशोक मीणा एवं सचिव डॉ संजय गुप्ता सभी को धन्यवाद दिया एवं नई कार्यकारिणी को बधाई दी। केडीओएस सीएमई कार्यक्रम में कोटा के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. केके कंजोलिया, डॉ के लाल, डॉ. जे. एस. सरोया, डॉ जयश्री सिंह, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ. विजय भूषण, डॉ. शैलेन्द्र बिरला, डॉ यूनुस अंसारी एवं मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट सहित कोटा संभाग के लगभग 50 नेत्र चिकित्सकों ने भाग लिया।

## अग्रवाल समाज का हाई प्रोफाइल परिचय सम्मेलन 1 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग मीटिंग रविवार को आयोजित की गई। संभाग महामंत्री संजय गोयल महामंत्री गजानंद सिंघल ने बताया कि मीटिंग की अध्यक्षता संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने की। इस दौरान संस्था द्वारा 25वां हाई प्रोफाइल अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 सितंबर को करने का निर्णय लिया गया। जिसके रजिस्ट्रेशन फॉर्म कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ एवं पूरे राजस्थान मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र सभी क्षेत्रों में 101 केंद्र बनाकर फार्म उपलब्ध कर दिए गए हैं। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त 2024 रखी गई है।

मीटिंग में किरण अग्रवाल संभाग अध्यक्ष, कमला मित्तल, गुंजन अग्रवाल, आशा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, भारती जैन, अंबिका गर्ग, ममता मित्तल, राजकुमारी जैन, प्रमोद अग्रवाल, नबीन अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सुधीर गुप्ता समेत संस्था के पदाधिकारी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गुरु के श्रेष्ठ मूल्यों को जीवन में उतारें, उन पर चलकर जीवन को धन्य करें : ऊर्जा मंत्री नागर

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरु पूर्णिमा पर लिया संतों से आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को गुरु पूर्णिमा पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वह विनोबा भावे नगर स्थित कबीरपंथी अस्थल मठ ट्रस्ट के आश्रम पर पहुंचे। वही नांता स्थित सिद्धाश्रम मंदिर श्री महादेव बाबा अमरधाम आश्रम पर पहुंचकर मौनी बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि गुरु के श्रेष्ठ मूल्यों को अपने जीवन में धारण करें। उन मूल्यों पर चलकर जीवन को धन्य बनाएं। हमारे देश पर मुगलों और अंग्रेजों सहित अनेक आक्रमणकारी आए। उन्होंने इस देश की संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन हमारे आध्यात्मिक संस्कारों के कारण भारत की संस्कृति अभी भी जीवित है। सनातन धर्म में गुरु और शिष्य की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। श्रेष्ठ गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन को धन्य किया जा सकता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री मठ मंदिरों में संतों गुरुओं से आशीर्वाद लेकर विकसित राजस्थान का आशीर्वाद ले रहे हैं। संतों के आशीर्वाद से राजस्थान उन्नति की ओर आगे बढ़ेगा। प्रदेश अग्रणी श्रेणी में शामिल होगा। इस विश्वास के साथ राजस्थान की सरकार काम कर रही है। उन्होंने इससे पहले आश्रम पर मौजूद संत प्रभाकर साहब को श्रीफल भेंटकर और माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

**मंत्री नागर ने सुनाया सीएम का संदेश :** ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि मैं राजस्थान सरकार की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रतिनिधि के रुप में आया हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु पूर्णिमा पर आपका अभिनंदन करता हूं। इस अवसर पर परमपिता परमेश्वर से कामना करता हूं कि हमेशा की भांति मुझे आपका आशीर्वाद मिलता रहेगा और आपके मार्गदर्शन में राज्य निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर होता रहेगा।

# हमारे ऐतिहासिक दस्तावेज हैं वंशावली बहियां : ऊर्जा मंत्री नागर

## अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्धन संस्थान के स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बोले ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वंशावली लेखन हमारे देश में हजारों वर्षों से चली आ रही गौरवशाली परंपरा है। वंशावली बहियां भी हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों के समान ही श्रद्धा और विश्वास की प्रतीक हैं। यह बात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को शुभम् गार्डन में कही। वे अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्धन संस्थान के स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

मंत्री नागर ने कहा कि आज इस वंशावली को लिखने वाले लेखक की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण यह परम्परा विलुप्त होने की कगार पर है। इन लेखकों को आर्थिक और सामाजिक रूप से संरक्षण की जरूरत है। वंशावली बहियों से हम हमारे गौरवशाली अतीत को याद कर सकते हैं। नागर ने कहा कि इन बहियों से हमें जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। हमारे पूर्वजों का इतिहास समझने में सहयोग मिलता है। ये बहियां हमारे ऐतिहासिक दस्तावेज के रुप में संग्रहीत होनी चाहिए। इनसे हमारी उत्पत्ति, हमारी भौगोलिक स्थिति इन सबकी जानकारी मिल सकती है। आज इस वंशावली लेखन को वैज्ञानिक पद्धति से करने की जरूरत है, ताकि यह एक ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में दर्ज हो सके। कार्यक्रम में धर्म जागरण विभाग के राष्ट्रीय संयोजक सत्यम राव, संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर भट्ट, धर्म जागरण विभाग के संयोजक बाबूलाल सुमन, समाजसेवी गोविंद नारायण अग्रवाल, संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव बाबूलाल भाट, अनिल जैन, अजयपाल शर्मा, सुमर सिंह हाडा, ओम प्रकाश स्वामी, मनोज राठौर, राजकुमार शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सर्व मुस्लिम समाज द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्तदान किया

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** मांगरोल कस्बे में सर्व मुस्लिम समाज द्वारा मीठे कुँए के बाग में लगाए गए विशाल रक्त दान शिविर में सभी साथियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर शिविर को सफल बनाया जिससे हम जरूरत मन्द लोगो को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा हम उन सभी नोजवानो का दिल से शुक्रिया अदा करने के साथ साथ समाज के सभी जिम्मेदार लोगों का भी दिल से शुक्रिया अदा किया ।

शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त दान हुआ । सर्व मुस्लिम समाज द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में प्रदेश हज कमेटी के सदस्य जनाब हाजी मोहम्मद अशफाक,हाजी अलीमुद्दीन बड़ वाले,सदर पटेल जनाब अशरफ अली,सेकेट्री निजामुद्दीन पटेल,नगर अध्यक्ष डॉ सीमा,ईदगाह सदर अशफाक भाई,रफीक भाई बाड़ी वाले,पूर्व वाइस चेयरमेन अब्दुल रजाक,पूर्व वाइस चेयरमैन असगर अली,सलाम भाई पठान,सेठ मो.इमरान जी,शहज़ाद अंसारी,शादाब अरहान,आसिफ़ पठान,अख्तर हुसैन बख्तावर,डॉ अशफ़ाक़,शारूख गुलफ़ाम,मो आदिल,इल्यास अंसारी,शादाब अंसारी,शोएब,शाहिद,सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साई बाबा की भव्य शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, गूंजते रहे जयकारे

## साई बाबा, बाईजा मां और लक्ष्मी जी की जीवंत झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

### चांदी की पालकी में नगर भ्रमण को निकलें साई बाबा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री शिरड़ी साईं समिति गढ़ पैलेस द्वारा साई बाबा की भव्य शोभायात्रा आज निकाली गई। बाबा का पंचामृत अभिषेक किया गया, मध्यांतर आरती की गई। गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत चांदी की पालकी में विराजमान होकर श्री साई बाबा को शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया। भक्त योगेश पंचोली ने बताया की इस बार मध्य प्रदेश के मंसूरी ढोल साई के दरबार में अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे जिसने भी इन डोल को देखा वह देखता ही रह गया 350 कार्यकर्ताओं की सूचीबद्ध टीम व्यवस्था संभालती रही। इसके साथ ही यातायात समिति, प्रसाद विरतण समिति, जल समिति, मेडिकल टीम शोभायात्रा में व्यवस्था संभालती रही। चंद्रप्रकाश जेठी, हीरालाल रोहिडा ने बताया पालकी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कई संस्थाओं और समाज द्वारा स्वागत द्वार लगाकर एवं डेकोरेट कर खाद्य सामग्री वितरण कर भव्य स्वागत किया गया, पुष्प वर्षा की गई। खाने के आइटम का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप देते हुए सफल बनाए जाने के लिए श्री साई बाबा पालकी आयोजन समिति का गठन किया गया था। भुवनेश गहलोत, हेमराज सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में 250 किलो खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। साई पालकी में जीवंत झांकियां व साई बाबा की पैदल झांकी आकर्षण का केंद्र रही। 300 से 350 कार्यकर्ता साई पालकी में अपनी ड्यूटी के साथ पालकी लेकर भ्रमण को चलें। गहलोत ने बताया कि इस बार माइक्रोमेनेजमेंट किया गया, इस बार साई बाबा, बाई जा मां और लक्ष्मी जी की जीवंत झांकिया बनाई गई। जो ऊंट गाडी पर विराजमान रही। साई बाबा की एक पीडित का उपचार करते हुए, भोजन बनाते हुए संदेशपरक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। भूखे को भोजन कराने का संदेश देगी वहीं साई बाबा द्वारा चिकित्सा करते हुए यह संदेश दिया गया कि जरूरतमंदों की सेवा की जाए. इसके साथ ही 1907 में चांवडी उत्सव शुरू किया गया था वह भी साथ रही। चांदी की पालकी करीब 40 किलो से अधिक रही जिसमें ज्योत के साई बाबा को विराजमान किया गया।

**हर भक्त के मन की मुराद होती है पूरी :** ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त इस पालकी में शामिल होता है उसके मन की मुराद पुरी होती है, आपके मन में जो भी इच्छा हो वह धारण कर इस शोभायात्रा में शामिल होकर बाबा के दर्शन करें तो हर इच्छा पूर्ण होती है। ऐसे हजारों साई भक्त हैं जिनकी मन इच्छा साई बाबा पूरी करते हैं। सतगुरु साई की पालकी में जो भी भक्त शामिल हुआ वह आनंदित हो उठा। पालकी साई बाबा मंदिर से कैथूनीपोल, लालबर्ज, गांधी जी की पुल, श्री पुरा चौराहा, सब्जीमंडी चौराहा, मोहन टाकीज रोड, गुजराती समाज के सामने से गुमानपुरा चौराहे से इंद्रा गांधी प्रतिमा से वापस घूम कर सूरजपोल दरवाजा, राजदूत छात्रावास, कैथूनीपोल से होते हुए पुनः साई मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद महाआरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

# नयापुरा विवेकानंद सर्किल को एक तरफा यातायात व्यवस्था खत्म करके, दोनों तरफ से यातायात व्यवस्था चालू करने की मांग

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स.)।** भाजपा नेता महेश आहूजा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नयापुरा विवेकानंद सर्किल पर राज्य सरकार द्वारा एक तरफा यातायात व्यवस्था खत्म करने की मांग करते हुए कहा कि पूर्व सरकार द्वारा नयापुरा विवेकानंद पर सौन्दर्यीकरण के वक्त नयापुरा विवेकानंद सर्किल नवल सर्कल अग्रसेन चौराहा के रास्ते को एक तरफा यातायात की व्यवस्था की गई थी लेकिन जब से यह यातायात व्यवस्था हुई है तब से नयापुरा विवेकानंद सर्किल पर जाम कि स्थिति रहती है। आहूजा ने कहा कि पूर्व की सरकार को जब यह एक तरफा व्यवस्था की जा रही थी व्यापारियों ने कई बार राज्य सरकार को अवगत कराया था कि इस यातायात व्यवस्था से यातायात व्यवस्था बिगड़े की तथा साथ ही व्यापारियों का व्यापार भी चौपट होगा लेकिन राज्य सरकार की हठधर्मिता के कारण इस सर्किल पर एक तरफा यातायात व्यवस्था की गई। जिसके कारण नयापुरा विवेकानंद सर्किल पर ट्रैफिक व्यवस्था खराब हो गई पूर्व में जब यह दोनों तरफ यातायात था तो महाराव भीमसिंह अस्पताल अदालत सर्कल कलेक्ट्री सर्किल तथा स्टेशन जाने वाले वाहन बुर्ज टॉकीज के पीछे से ही निकल जाते थे लेकिन अब सारा यातायात नयापुरा विवेकानंद सर्कल्स से होकर जाता है कई बार तो इमरजेंसी वाहन एम्बुलेंस जाम फस जाते है तथा बूंदी से आने वाले वाहनों को भी अब नया पुरा विवेकानंद सर्किल होते नवल सर्कल होते हुए अग्रसेन चोराहे का राउन्ड काटना पड़ता है जिससे कि शाम को तो शहर वासीयो को निकलना मुश्किल हो जाता है तथा जाम में फंसे रहते हैं आहूजा ने कोटा के सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मांग की है कि नयापुरा विवेकानंद सर्किल का ट्रैफिक दोनों तरफ से पुरानी व्यवस्था के तहत चालू होना चाहिए जिससे कि नया पुरा चौराहे पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

## हर्षोल्लास व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स.)।** श्री महर्षि गौतम छात्रावास समिति की ओर से श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व सौहार्द पूर्ण वातावरण में प्रात:काल 10.30 बजे अग्रसेन बाजार स्थित श्री महर्षि गौतम छात्रावास परिसर में मनाया गया। मंत्री मनोज गौतम ने बताया कि संरक्षक पं. बद्री प्रसाद गौतम, समितिअध्यक्ष बालचंद शर्मा फौजी व निर्माण सामिति संयोजक हीरेन्द्र शर्मा द्वारा परिसर में विराजित गुर्जर गौड़ समाज के उद्गाता न्याय शास्त्र के प्रणेता भगवान श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या जी का विधि विधान व मंत्रोच्चार द्वारा माला धारण कराकर पूजन किया गया। महर्षि गौतम के सानिध्य में बैठकर समाज किस प्रकार अग्रसर हो इस पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित समाज के अनेक गणमान्य बंधु व मातृशक्ति जिनमे प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी बी एम पंचोली, भंवरलाल शर्मा, बिम्बाधर शर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिलोक गौतम, गौतम समाज महानगर के महामंत्री लेखराज जी शर्मा, सहसंयोजक दिनेश शर्मा मोली, महेश द्विवेदी उपाध्यक्ष निगम शर्मा, सहमंत्री जयप्रकाश, भा.ज.पा. जिला मंत्री हरिहर गौतम, हर्षित गौतम, एड. महिला संभागीय अध्यक्षा बीना शर्मा, सीमा तिवारी, हितकारिणी सामिति महामंत्री ब्रिजसुन्दर शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। पंडित रोहित गौतम के आचार्यत्व में पूजन सम्पन्न हुआ। श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या की आरती उतारी तत्पश्चात सभी बंधुओं ने श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या जी के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ गायन किया।अंत में सभी महानुभावों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ब्रेन ट्यूमर से दिखाई देना हुआ बंद, झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं एसआरजी हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी से ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन कर लौटाई आंखों की रोशनी

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्गरी विभाग में एंडोस्कोपी से जड़ित ऑपरेशन करके आंख की रोशनी लौटाई । न्यूरोसर्गरी विभागाध्यक्ष डॉ रामसेवक योगी ने बताया कि लक्ष्मीपुरा झालरा पाटन निवासी धापू बाई 36 वर्ष करीब 6 महीने से सिर दर्द और दाईं आंख से कम दिखने की तकलीफ से परेशान थी और लगभग 1 महीने से दिखाई देना बिल्कुल बंद हो गया था।

झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग के द्वारा एमआरआई करवाने पर पता चला कि सर में गांठ है पिट्यूटरी ग्रंथि की गाँठ जो की आंख की रोशनी वाली नस ऑप्टिक नर्व पर दबाव बनाए हुए थी परिजनों की सहमति के बाद मरीज का ऑपरेशन नाक के रास्ते से एंडोस्कोपी के द्वारा किया गया । ऑपरेशन अधिक जटिल होने के कारण ऑपरेशन 5 घंटे चला और चिरंजीवी योजना के तहत निशुल्क हुआ है। विभाग के डॉक्टर राम अवतार, डॉ. आशीष निश्चेतना विभाग के डॉक्टर नंदा ,डॉक्टर सुधीर शर्मा ,डॉक्टर रक्षा कुमारी का सहयोग रहा। गांठ निकाल कर बायोप्सी के लिए भिजवाई है और मरीज को ` दिखने लग गया है । डॉ रामसेवक योगी ने बताया कि अब झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसर्गरी से संबंधित ऑपरेशन एंडोस्कोपी से होने लगे है पहले ऐस ब्रेन ट्यूमर के लिए मरीजो को जयपुर या कोटा भेजना पड़ता था।

## शम्भूसिंह चौबदार को मिलेगा 2024 भारत लोकरंग सम्मान पुरुस्कार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स.)।** दिल्ली में 9 से 11 अगस्त तक़ लोकटिया आर्ट गैलरी में कालाकुंज फाउंडेशन सस्था की ओर से मिट्टी के रंग थीम पर आधारित भारत की लोक कला को बढ़ावा देने के उदेश्य के लिए राष्ट्रीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में देशभर से पेंटिंग्स व कई प्रकार के आर्ट वर्क, प्रदर्शन के लिये हुए है, इसके तहत चौबदार कोटा व बूँदी शैली पर आधारित दो पेंटिंग्स प्रदर्शन व पुरस्कार के लिए चयनित हुई है। इस आर्ट इवेंट में आर्ट कम्पिटिशन भी होगा। चयनित कलाकारों को भी सम्मानित किया जायेग।

# गुरु पुर्णिमा पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर रविवार को गुरु पुर्णिमा पर्व मनाया गया।मुख्य ट्रस्टी गोविंद राम अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमे करीब 800 लोगों ने भाग लिया। यज्ञ के दौरान पर्व पूजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव आचार्य श्री राम शर्मा का पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई साथ ही समाज मे रचनात्मक कार्यों के संकल्प लिए गए।कार्यक्रम में गांवो की शाखाओं को 251 पौधे वितरित किये गए।कार्यक्रम में गंगधार, चौमहला, पाडलिया, बिशनिया, तलावली,बामनदेवरिया,बिलखेड़ी,सहित अनेक गांवो की शाखाओं के गायत्री परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# सीएम भजनलाल ने परिवार के साथ लिया गुरु का आशीर्वाद

## गुरु पूर्णिमा पर 2 घंटे मंदिर में बिताए, लोगों से मुलाकात भी की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर।** सीएम भजन लाल शर्मा गुरु पूर्णिमा के मौके पर भरतपुर के लुधावई के हनुमान भगवान के मंदिर पर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने गुरु महामंडलेश्वर रामदास महाराज से आशीर्वाद लिया।

साथ ही भगवान की पूजा अर्चना की सीएम मंदिर में करीब 2 घंटे तक रुके। सीएम के साथ उनके परिवार के लोग मौजूद रहे। जिसके बाद सीएम सीधे हेलिकॉप्टर के जरिए जयपुर के लिए रवाना हो गए। सीएम भजन लाल शर्मा डीग जिले के पूछरी के लौठा से हेलिकॉप्टर के जरिए बांसी पहुंचे। बांसी में हेलिपैड बनाया गया था। जहां से वह कार के द्वारा हनुमान भगवान के मंदिर पहुंचे। इस दौरान काफी संख्या में लोग सीएम भजन लाल शर्मा से मिलने के लिए मंदिर पर पहुंचे। सीएम की सुरक्षा के लिए सीएम के आने के बाद मंदिर में सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर दिया गया।

सीएम भान लाल शर्मा ने अपने परिवार के साथ करीब 2 घंटे तक मंदिर में पूजा अर्चना की जिसके बाद वह जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान वैर विधायक बहादुर सिंह कोली और कामां विधायक मौजूद रहीं।

सीएम कल शाम पूछरी के लौठा पहुंचे थे। जहां सीएम की तरफ से भंडारे का आयोजन करवाया गया था। सीएम अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी थी। सीएम की तरफ से हर साल गुरु पूर्णिमा के मौके पर भंडारा करवाया जाता है।

सीएम भजन लाल शर्मा ने पूछरी के लौठा सहित आसपास के मंदिरों के दर्शन किए थे। रात में सीएम भजन लाल शर्मा पूछरी के लौठा में रुके थे।

# कोलकाता में टीएमसी की शहीद दिवस रैली

## अखिलेश बोले- दिल्ली की सरकार जल्द गिरेगी, ममता ने कहा- मैं भी इससे सहमत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार (21 जुलाई) को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। रैली को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। पश्चिम बंगाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा जीत के बाद टीएमसी की यह पहली बड़ी रैली है। इसमें लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं।

### अखिलेश बोले- दिल्ली की सरकार जल्द गिरेगी, हमारे खुशियों के दिन आएंगे

टीएमसी की शहीद दिवस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे।

### ममता बोलीं - अखिलेश की बात से सहमत, दिल्ली में सरकार स्थिर नहीं

रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों। आप (अखिलेश यादव) यहां आए, मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। मैं समाजवादी पार्टी का अभिनंदन करना चाहूंगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आपने जो खेल दिखाया है। मैं आपके साथ सहमत हूं कि दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर, चुनाव आयोग को लगाकर जो सरकार लाई गई है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली ने विश्वास मत जीता

## 263 सांसदों में से 188 ने समर्थन में किया वोट, 74 ने विरोध में डाले मत

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया है। रविवार को हुए बहुमत परीक्षण में केपी ओली को 263 सांसदों में से 188 सांसदों ने अपना समर्थन दिया। वहीं 74 सांसदों ने विश्वास मत के खिलाफ वोट किया। वहीं एक सांसद ने किसी के पक्ष में वोट नहीं किया।

केपी ओली ने 15 जुलाई को चौथी बार नेपाल के पीएम के तौर पर शपथ ली थी। चीन समर्थक माने जाने वाले ओली ने भारत समर्थक शेर बहादुर देउबा के साथ मिलकर सरकार बनाई है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने 12 जुलाई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, वह संसद में विश्वासमत हासिल करने में नाकाम रहे। वे सिर्फ 1 साल 6 महीने ही प्रधानमंत्री रह पाए।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की पार्टी CPN-UML ने प्रधानमंत्री प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद उनकी सरकार अल्पमत में आ गई थी। नेपाल के संविधान के आर्टिकल 100 (2) के तहत उन्हें एक महीने में बहुमत साबित करना था। वे ऐसा नहीं कर पाए। फ्लोर टेस्ट में उन्हें 275 में से सिर्फ 63 सांसदों का साथ मिला। नेपाल की नेशनल असेंबली के 194 सांसदों ने उनके खिलाफ वोट किया। उन्हें सरकार बचाने के लिए 138 सांसदों के समर्थन की जरूरत थी।

# मुंबई में भारी बारिश के चलते विमान सेवाएं प्रभावित, 36 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भारी बारिश के चलते हवाई सेवा बाधित हुई है। पीटीआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मौसम को देखते हुए रविवार को मुंबई हवाई अड्डे से 36 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बारिश के चलते कारण फैसिलिटी ऑपरेटर को लगभग एक घंटे के भीतर रनवे संचालन को दो बार निलंबित करना पड़ा। सूत्र के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रद्द की गई उड़ानें इंडिगो के साथ-साथ एयर इंडिया और विस्तारा की थीं। सूत्रों ने एजेंसी को बताया, शहर में लगातार अंतराल पर हो रही भारी बारिश और कम दृश्यता के कारण रविवार को 18 आगमन और प्रस्थान वाले विमान रद्द करने पड़े।

### दो बार रद्द रुका रनवे का संचालन

रद्द की गई उड़ानों में इंडिगो की 24 और एयर इंडिया की आठ उड़ानें शामिल हैं। विस्तारा ने भी मुंबई हवाई अड्डे पर अपनी चार उड़ानें भी रद्द कर दीं। इससे पहले जानकारी मिली थी कि खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण रनवे परिचालन को दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए और बाद में दोपहर 1 बजे से 1.15 बजे तक निलंबित कर दिया गया था।

# बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला पलटा

## रिजर्वेशन की सीमा 56 से घटाकर 7% की, इसके खिलाफ हिंसा में 115 मौतें हो चुकीं

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया है। कोर्ट ने रविवार को आदेश जारी करते हुए आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5% आरक्षण मिलेगा जो पहले 30% था। बाकी 2% में एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 93% नौकरियां मेरिट के आधार पर मिलेंगी। बांग्लादेश की सरकार ने 2018 में अलग-अलग कैटेगरी को मिलने वाला 56% आरक्षण खत्म कर दिया था, लेकिन इस साल 5 जून को वहां के हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को पलटते हुए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया था। इसके बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा का दौर शुरू हो गया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा में अब तक 115 लोग मारे जा चुके हैं। हालात बिगड़ने के बाद सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगाते हुए प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात संभालने के लिए पुलिस की जगह सेना तैनात की गई है। स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पेन और ब्राजील का अपना दौरा रद्द कर दिया है। बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच अब तक 978 भारतीय स्टूडेंट्स अपने घर लौट आए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। छात्रों को बुधवार तक हॉस्टल खाली करने को कहा गया है।

### बांग्लादेश में कैसी थी आरक्षण की व्यवस्था

बांग्लादेश 1971 में आजाद हुआ था। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक इसी साल से वहां पर 80 फीसदी कोटा सिस्टम लागू हुआ। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को नौकरी में 30%, पिछड़े जिलों के लिए 40%, महिलाओं के लिए 10% आरक्षण दिया गया। सामान्य छात्रों के लिए सिर्फ 20% सीटें रखी गईं। 1976 में पिछड़े जिलों के लिए आरक्षण को 20% कर दिया गया। इससे सामान्य छात्रों को 40% सीटें हो गईं। 1985 में पिछड़े जिलों का आरक्षण और घटा कर 10% कर दिया गया और अल्पसंख्यकों के लिए 5% कोटा जोड़ा गया। इससे सामान्य छात्रों के लिए 45% सीटें हो गईं। शुरू में स्वतंत्रता सेनानियों के बेटे-बेटियों को ही आरक्षण मिलता था, लेकिन 2009 से इसमें पोते-पोतियों को भी जोड़ दिया गया। 2012 विकलांग छात्रों के लिए भी 1% कोटा जोड़ दिया गया।

# जयपुर में हुई झमाझम बारिश, उमस से राहत नहीं

## राजस्थान में अब तक सामान्य से 1 फीसदी ज्यादा बरसात, कई जिलों में पारा 42 डिग्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में 5 दिनों के इंतजार के बाद रविवार को बारिश हुई। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ बरसात का दौर 15 मिनट तक चला। हालांकि, उमस से बेहाल लोगों के लिए परेशानी और बढ़ गई है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने रविवार को भी पूरे प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ में तेज बारिश हो सकती है। राजस्थान में अब तक के मौसम की स्थिति देखें तो कुल 150.6 एमएम बारिश हो चुकी है, जबकि 20 जुलाई तक 149एमएम औसत बरसात होती है। इस तरह अब तक सामान्य से 1 फीसदी ज्यादा बरसात अब तक हो गई। हालांकि, जुलाई महीने में भी प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर है।

### अचानक बदला मौसम, नहीं मिली राहत

जयपुर के अधिकतर हिस्सों में रविवार सुबह करीब 12 बजे हुई। शहर के मालवीय नगर, टोंक रोड सहित कई इलाकों में तेज बरसात हुई। इससे कई जगह जल जमाव भी हो गया। जयपुर में बीते कई दिनों बारिश नहीं होने के कारण उमस और गर्मी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बीजेपी सरकार लेकिन कांग्रेसी मेयर पर नहीं हुई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

## पार्षद बोले- मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत, कार्रवाई नहीं हुई तो देंगे धरना

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम में सियासी ड्रामा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। पूर्व सरकार के कार्यकाल में कांग्रेसी मेयर मुनेश गुर्जर को हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता सड़कों पर उतर विरोध प्रदर्शन करते थे। लेकिन बीजेपी सरकार के गठन के 6 महीने बाद भी अब तक मुनेश गुर्जर पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इसको लेकर अब बीजेपी पार्षदों ने आर-पार की लड़ाई की तैयारी शुरू कर दी है।

### सीएम से करेंगे शिकायत

बीजेपी शहर मंत्री और वार्ड 47 से पार्षद रेखा राठौड़ ने कहा है कि मुनेश गुर्जर ने भ्रष्टाचार कर रखा है। उनके घर से लाखों रुपए नगदी मिल चुकी है। इन्होंने करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। इसके सबूत एंटी करप्शन ब्यूरो ने स्वायत्त शासन विभाग में भी दे दिए हैं। बावजूद इसके सरकार न जाने क्यों मेयर मुनेश पर कार्रवाई में देरी कर रही है।

इसलिए अब हम सभी बीजेपी पार्षद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिल अपनी पीड़ा बताएंगे।

अगर इसके बाद भी मुनेश गुर्जर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। नगर निगम मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। इतिहास की सबसे भ्रष्ट मेयर को हटाकर ही दम लेंगे।

### निगम को बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा

वार्ड 72 से बीजेपी पार्षद ललिता संजय जायसवाल ने बताया कि मुनेश गुर्जर ने नगर निगम में भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है। कांग्रेस की सरकार जाने के बावजूद मुनेश कांग्रेसी नेताओं के इशारे पर नगर निगम में हर दिन गड़बड़ घोटाले कर रही है। इसकी शिकायत हमने भारतीय जनता पार्टी के आला नेताओं से भी की है। हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि, पूरा विश्वास है कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी मुनेश गुर्जर जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो में आरोप सिद्ध हो चुके हैं। उसके खिलाफ जल्द से जल्द सख्त एक्शन लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)